प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशम्बी, इटावा, सीतापुर, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव,वाराणसी,मिर्जापुर, हमीरपुर जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 62 | सोमवार 17 फरवरी, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

टेक्सटाइल निर्यात 2030 तक नौ लाख करोड़ रु. तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा मोदी ने

नई दिल्ली 16फरवरी (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की प्रगति में टेक्सटाइल उद्योग की भूमिका के महत्व को रेखांकित करते हुए रविवार को इस उद्योग के सामने टेक्सटाइल निर्यात 2030 तक तीन गुना करके नौ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा और उम्मीद जतायी की यह लक्ष्य उससे पहले हासिल कर लिया जाएगा।श्री मोदी राजधानी के भारत मंडपम में कपड़ा क्षेत्र की विशाल प्रदर्शनी 'भारत टेक्सट 2025' का भ्रमण करने के बाद वहां उपस्थित भागीदारों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा,"भारत अतीत में जब समृद्ध था तो उसमें देश के वस्त्र उद्योग का बड़ा योगदान था, आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है तो उसमें भी हमारे टेक्सटाइल उद्योग की भूमिका महत्वपूर्ण है।"श्री मोदी ने कहा,"हम दुनिया के छठे सबसे बड़े टेक्सटाइल और एपैरल एक्सपोर्टर हैं। हमारा टेक्सटाइल निर्यात तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। अब हमारा लक्ष्य है कि 2030 तक हम इसे नौ लाख करोड़ रुपये तक लेकर जाएंगे।" उन्होंने कहा कि आज उद्यमियों के उत्साह से यह जान पड़ता है कि 'आप यह लक्ष्य समय से पहले ही हासिल कर लेंगे।"उन्होंने कहा कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में टेक्सटाइल उद्योग का योगदान इस समय 11 प्रतिशत है तथा सरकार के प्रयासों के परिणाम स्वरूप इस क्षेत्र में पिछले 10 वर्ष में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश दो गुना हुआ है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र से कपड़ा उद्योग की कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए भी कहा।प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में देश में विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और सूक्ष्म लघु और मझोले उद्यमों की परिभाषा बदलने कपड़ा क्षेत्र को भी फायदा होगा जो रोजगार का एक बड़ा स्रोत है।श्री मोदी ने देश में सूती कपड़ा उद्योग के प्रोत्साहन के लिए बजट में कपास मिशन और सरकार की 5एफ (खेत से लेकर विदेशी बाजार तक की मूल्य श्रृंखाला को प्रोत्साहित करने की) पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा," पिछले साल मैंने टेक्सटाइल इंडस्ट्री में फार्म,फाइबर, फैब्रिक, फैशन और फॉरेन जैसे 5एफ फैक्टर्स की बात की थी.. यह विजन अब भारत के लिए एक मिशन बनता जा रहा है।"उन्होंने टेक्सटाइल क्षेत्र को कचरा कम से कम सृजित करने , पुनर्चक्रण और फैशन में बदलवा के कारण दुनिया भर में हर महीने फेंके जाने वाले कपड़ों का प्रयोग कर नयी–नयी चीजें बनाने के अवसर की संभावनाओं के दोहन की आपील भी की।केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने स्वागत भाषणा में कहा कि इस बार इस प्रदर्शनी में खरीदारों और प्रदर्शकों की संख्या पिछले साल से अधिक है। प्रदर्शनी में 126 देशों के 6000 खरीदार और 5000 से अधिक प्रदर्शनी लगाने वाली इकाइयां भाग ले रही हैं।

सीएम योगी ने दिल्ली में रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से लोगों की मौत पर दुख जताया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में लोगों की मौत होने पर गहरा दुख प्रकट किया। वहीं उप्र के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने मामले को लेकर सरकार को घेरते हुए अपनी सलाह भी दी है।

लखनऊ 16फरवरी (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में लोगों की मौत होने पर रविवार को गहरा दुख प्रकट किया। वहीं उप्र के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने मामले को लेकर सरकार को घेरते हुए अपनी सलाह भी दी है। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए।प्लेटफार्म संख्या 14 और 15 पर प्रयागराज (जहां महाकुंभ का आयोजन किया गया है) जाने वाली ट्रेन पर सवार होने के लिए यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी जिसके बाद वहां भगदड़ मच गई। योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हादसे में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।'' उन्होंने कहा, ''प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति, शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।''उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, ''नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में कई लोगों के हताहत होने की अत्यंत दुरूखद सूचना प्राप्त हुई है। ईश्वर से प्रार्थना है कि हादसे में घायल हुए लोगों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ ान करें और दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ध शांतिरू।''उप्र के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक्स पर अपने शोक संदेश में कहा, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में कई लोगों के हताहत होने की अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक घटना से मन अत्यंत व्यथित है। ईश्वर से प्रार्थना है कि घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें तथा पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ध शांति। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट किया, " दिल्ली में महाकुंभ के श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हृदयविदारक है।सकार पर हमला करते हुए इसी पोस्ट में यादव ने कहा,'' सरकार में बैठे लोगों को राजनेता नहीं, बल्कि उन परिवार की तरह सोचना होगा जिसने अपने मां–बाप, भाई–बहन, बच्चे और नाते–रिश्तेदार खोये हैं। सपा प्रमुख ने कहा, मृतकों के शवों को ससम्मान उनके परिजनोंतक पहुंचाने का ईमानदार इंतजाम किया जाए और घायलों को सर्वश्रेष्ठ उपचार उपलब्ध कराया जाए। भाजपा सरकार मौत का सच छिपाने का पाप न करे। बसपा प्रमुख मायावती ने अपने 'एक्स'खाते पर कहा, प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़ के बीच, रेलवे की गंभीर लापरवाही के कारण मची भगदड़ में काफी लोगों की हुई मौत और लोगो के घायल होने की घटना अति–दुखद है। उन्होंने कहा, ''पीड़ितों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। सरकार दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा पीड़ितों की पूरी मदद करे।

सिद्धरमैया हमारे नेता हैं, उनके नाम का गलत इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं: शिवकुमार

पार्टी नेताओं के बयानों के बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा, कोई भ्रम नहीं है, कांग्रेस पार्टी हर दिन हर चीज पर नजर रख रही है। सिद्धरमैया मई 2023 से मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले वह 2013 से 2018 तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

नई दिल्ली 16फरवरी (एजेंसी) उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के निर्विवाद नेता हैं और किसी को भी उनके नाम का दुरुपयोग करके बयान देने की कोई जरूरत नहीं है।पार्टी के एक वर्ग का कहना है कि सिद्धरमैया को मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा करना चाहिए, जिसपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवकुमार ने यह बयान दिया है।पार्टी नेताओं का कहना है कि इस साल के अंत में कर्नाटक में संभावित नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच अगले चुनाव में सत्ता बरकरार रखने के लिए सिद्धरमैया का नेतृत्व पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है।प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शिवकुमार मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को कई मौकों पर छिपा नहीं पाए हैं। शिवकुमार ने कहा, सिद्धरमैया हमारे मुख्यमंत्री हैं, वह हमारे नेता हैं, हम उन्हें सभी चुनावों में चाहते हैं। हम उन्हें जिला पंचायत, तालुक पंचायत, विधानसभा और संसद चुनावों में चाहते हैं। वह हमारे नेता हैं।शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, कांग्रेस पार्टी ने सिद्धरमैया को दो बार मुख्यमंत्री बनाया है। किसी को भी आए दिन उनके नाम का दुरुपयोग करने की कोई जरूरत नहीं है। वह हमारे नेता है कांग्रेस पार्टी के निर्विवाद नेता है। वह दूसरी बार मुख्यमंत्री के तौर पर काम कर रहे हैं और अच्छा काम कर रहे है। मै नहीं चाहता कि वह मीडिया (अटकलबाजी) का विषय बनें।पार्टी नेताओं के बयानों के बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा, कोई भ्रम नहीं है कांग्रेस पार्टी हर दिन हर चीज पर नजर रख रही है। सिद्धरमैया मई 2023 से मुख्यमंत्री है। इससे पहले वह 2013 से 2018 तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

महाकुंभ में अव्यवस्था के कारण हो रहे सड़क हादसे: अखिलेश यादव

"महाकुंभ यात्रा पर निकले उन सभी मृतक श्रद्धालुओं को एक समान माना जाए जिनकी भगदड़, हादसा या घुटन आदि कारणों से अलग-अलग जगहों पर मौत हुई है और इसके लिए उनके परिजनों को मुआवजा दिया जाए।"

नई दिल्ली 16फरवरी (एजेंसी) समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर प्रहार करते हुए महाकुंभ में कुप्रबंधन का आरोप लगाया और वहां की यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुआवजे की मांग की है।यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "महाकुंभ के श्रद्धालुओं से भरी बसों व अन्य वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबरें प्रतिदिन बढ़ रही हैं। जो बेहद दुखद है।" सपा प्रमुख ने हादसों की वजह गिनाते हुए कहा, "इसके पीछे मुख्य कारण ये है कि भारी जाम व अव्यवस्था के कारण चालकों की हालत बहुत खराब है। न उनकी थकान उतर रही है न नींद पूरी हो रही है। ऐसे में वो अर्द्ध निद्रा की अवस्था में वाहन चला रहे हैं जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं।"यादव ने सुझाव देते हुए कहा, "साथ ही सड़कों पर पैदल चलनेवालों को बचाने की भी चुनौती है। इसलिए ध्यान भटकते ही मौतें हो रही हैं। इसका समाधान सिर्फ अच्छी व्यवस्था है, जो सरकार ही कर सकती है पर कर नहीं पा रही है।"उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा, "महाकुंभ यात्रा पर निकले उन सभी मृतक श्रद्धालुओं को एक समान माना जाए जिनकी भगदड़, हादसा या घुटन आदि कारणों से अलग–अलग जगहों पर मौत हुई है और इसके लिए उनके परिजनों को मुआवजा दिया जाए।"सपा प्रमुख ने कहा, "सभी घायलों को उपचार के साथ–साथ क्षतिपूर्ति राशि दी जाए। केंद्र और राज्य सरकार इसके लिए विभिन्न कोषों से पैसा उपलब्ध कराएं। जब अरबों रुपये प्रचार पर बहाये जा सकते हैं तो शोक संतप्त परिजनों के लिए सांत्वना के रूप में क्यों नहीं दिये जा सकते हैं।

नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत अत्यंत हृदयविदारक: ममता

"महाकुंभ जाने वाले तीर्थयात्रियों को उचित सहायता और सुविधाएं मिलनी चाहिए, न कि परेशानी होनी चाहिए। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि ऐसी यात्राएं सुरक्षित और सुव्यवस्थित हों।

नई दिल्ली 16फरवरी (एजेंसी) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और लोगों की सुरक्षा के लिए सावधानीपूर्वक योजना और प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया। राष्ट्रीय राजधानी के इस भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक घायल हो गए।

ममता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "दिल्ली (नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन)भगदड़ में 18 लोगों की दुखद मौत अत्यंत हृदयविदारक है। यह दर्दनाक घटना सावधानीपूर्वक योजना और प्रबंधन के महत्व को उजागर करती है, खासकर जब बात नागरिकों की सुरक्षा की हो।"उन्होंने कहा, "महाकुंभ जाने वाले तीर्थयात्रियों को उचित सहायता और सुविधाएं मिलनी चाहिए, न कि परेशानी होनी चाहिए। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि ऐसी यात्राएं सुरक्षित और सुव्यवस्थित हों।" ममता ने कहा, "शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

फालतू है...महाकुम्भ 2025 पर लालू प्रसाद यादव की विवादित टिप्पणी, भाजपा ने घेरा

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद ने रविवार को महाकुंभ को श्अर्थहीनश बताकर नया विवाद खड़ा कर दिया। महाकुंभ को लेकर बढ़ती भीड़ के बारे में पूछे जाने पर राजद प्रमुख ने कहा, अरे ये सब कुंभ का क्या कोई मतलब है, फालतू है कुंभ।

नई दिल्ली 16फरवरी (एजेंसी) राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद ने रविवार को महाकुंभ को श्अर्थहीनश बताकर नया विवाद खड़ा कर दिया। दरअसल, राजद नेता नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस कुंभ का कोई मतलब नहीं है, यह फालतू है। लालू के इस बयान पर विवाद खड़ा हो गया। बीजेपी ने उन पर निशाना साधा और आरजेडी नेताओं पर हमेशा हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं का अपमान करने का आरोप लगाया।लालू प्रसाद ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ से हुई लोगों की मौत के लिए रेलवे को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने इस घटना को लेकर केंद्र की राजग सरकार पर निशाना साधा और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से इस्तीफे की मांग की। लालू ने कहा, श्बहुत दुखद घटना घटी है, हम सब लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह रेलवे की गलती है। रेलवे के कुप्रबंधन और लापरवाही की वजह से इतने लोगों की मौत हुई है। इस घटना के बाद केंद्रीय रेल मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।

महाकुंभ को लेकर बढ़ती भीड़ के बारे में पूछे जाने पर राजद प्रमुख ने कहा, श्अरे ये सब कुंभ का क्या कोई मतलब है, फालतू है कुंभ।

भाजपा ने लालू को घेरा

लालू की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए बिहार भाजपा के प्रवक्ता मनोज शर्मा ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, श्राजद प्रमुख अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण ऐसी टिप्पणियां कर रहे हैं। राजद नेताओं ने हमेशा हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं का अपमान किया है। राजद प्रमुख का महाकुंभ को 'अर्थहीन' बताने वाला ताजा बयान हिंदू धर्म के प्रति पार्टी की मानसिकता को उजागर करता है। वे (राजद) श्रावण मास में मांसाहारी भोजन करके सनातन धर्म के नियमों की अवहेलना करते हैं।लालू प्रसाद यादव के बयान पर गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद ने कहा, श्मुझे ऐसे राजनेताओं पर दया आती है जो इतने नकारात्मक दृष्टिकोण रखते है और अपमानजनक बयान देते हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि भगवान उन्हें सद्बुद्धि दे। क्या कोई और सरकार है जो इतने बड़े आयोजन को सफल बनाने में सफल रही हो?

एकता में ही विविधता समाहित है, बंगाल में आरएसएस के कार्यक्रम में बोले मोहन भागवत

बर्धमान (पश्चिम बंगाल) 16फरवरी (एजेंसी) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने दुनिया की विविधता को अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि हिंदू समाज का मानना घ्है कि एकता में ही विविधता समाहित है।इसे भी पढ़ेंरू हथकड़ी और बेड़ियों से बांधा गया, अमेरिका से लौटे अवैध भारतीय प्रवासियों के दूसरे जत्थे में शामिल दलजीत सिंह ने सुनाई आपबीतीबर्धमान के साई ग्राउंड में आरएसएस के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि हिंदू समाज में एकता की जरूरत है और अच्छे समय में भी चुनौतियां बनी रहेंगी। उन्होंने कहा, श्हमें हिंदू समाज को एकजुट और संगठित करने की जरूरत है।

न्यू इंडिया कोआपरेटिव बैंक घोटाले के आरोपी हितेश मेहता को कोर्ट ने 21 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेजा

16फरवरी (एजेंसी) न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता को बैंक से 122 करोड़ रुपये के कथित गबन के मामले में आगे की जांच के लिए मुंबई की एक अदालत ने 21 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता को बैंक से 122 करोड़ रुपये के कथित गबन के मामले में आगे की जांच के लिए मुंबई की एक अदालत ने 21 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मेहता और मामले के एक अन्य आरोपी धर्मेश पौन को यहां अवकाशकालीन अदालत में पेश किया।पुलिस के अनुसार, बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवर्षि घोष ने शुक्रवार को बैंक के धन के कथित गबन के संबंध में मेहता और अन्य के खिलाफ मध्य मुंबई के दादर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार तड़के मामला दर्ज किया और जांच ईओडब्ल्यू को सौंप दी गई।शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि मेहता और उनके सहयोगियों ने साजिश रची और बैंक की प्रभादेवी और गोरेगांव शाखाओं की तिजोरियों से 122 करोड़ रुपये का गबन किया। भारतीय दंड संहिता की धारा 316 (5) (सरकारी कर्मचारियों, बैंकरों और भरोसेमंद पदों पर बैठे अन्य व्यक्तियों द्वारा आपराधिक विश्वासघात) और 61 (2) (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया गया है।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को सहकारी बैंक के बोर्ड को एक साल के लिए भंग कर दिया और इसके मामलों के प्रबंधन के लिए एक प्रशासक नियुक्त किया।

सम्पादकीय

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को बड़ा झटका

नफीस जाफरी

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे को यह कहने काफी दिन गुजर गए कि पार्टी में व्यापक स्तर में बदलाव होंगे और खासतौर से भीतर घात करने वालों को दरकिनार किया जाएगा। अब कांग्रेस इस पर कब अमल करेगी, यह बड़ा सवाल है। वहीं दिल्ली में कांग्रेस लगातार तीसरी बार चुनाव हारी और तीनों की बार उसका खाता नहीं खुला। कांग्रेस इस बात की खुशी बना रही है कि वह भले ही चुनाव न जीत सकी हो, लेकिन उसने आप को सत्ता से बाहर कर दिया। अब कांग्रेस इस खुशफहमी से बाहर कब निकलेगी यह तो वह ही जाने, लेकिन मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि कांग्रेस को छत्तीसगढ के स्थानीय निकाय के चुनावों में बड़ा झटका लगा है। विदित हो कि उत्तराखंड के बाद छत्तीसगढ़ में भाजपा ने शहर की सरकार बनाई है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को शिकस्त देने के बाद नगर निकाय चुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी ने सूपड़ा साफ करते हुए महापौर के सभी 10 पदों पर जीत हासिल की। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि सत्ताधारी दल भाजपा ने सभी 10 नगर निगमों में महापौर पद और 35 नगर पालिका परिषदों और 81 नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। राज्य के 10 नगर निगमों, 49 नगर पालिका परिषदों और 114 नगर पंचायतों में हुए आम चुनावों के लिए बीते शनिवार को मतगणना हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि आठ नगर पालिका परिषदों और 22 नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद पर विपक्षी दल कांग्रेस ने जीत दर्ज की, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) ने एक नगर पालिका परिषद और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने एक नगर पंचायत में अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है।

नगर निकाय चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे ऐतिहासिक दिन करार दिया और कहा कि यह छत्तीसगढ़ के राजनीतिक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, ''आज का दिन भाजपा और छत्तीसगढ़ सरकार के लिए ऐतिहासिक है। यह छत्तीसगढ़ के राजनीतिक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा, क्योंकि भाजपा ने नगर निकाय चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता और मतदाताओं ने भाजपा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री की गारंटी और राज्य सरकार के विकास कार्यों में विश्वास जताया है, जिसके लिए वह उनका आभार व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''कांग्रेस वादे तो करती है लेकिन बाद में उन्हें पूरा नहीं करती, लेकिन भाजपा अपने वादे पूरे करेगी। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस ने महापौर पद का अप्रत्यक्ष चुनाव (पिछली बार 2019–2020 में) कराकर लोकतंत्र की हत्या की है। कांग्रेस उम्मीदवार जो अप्रत्यक्ष चुनाव (कांग्रेस नेता ऐजाज ढेबर का जिक्र करते हुए) के जरिए (रायपुर के) महापौर बने थे, इस बार रायपुर के एक वार्ड से पार्षद का चुनाव हार गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि रायगढ़ नगर निगम में पार्टी ने महापौर पद के लिए चाय बेचने वाले जीववर्धन चौहान को मैदान में उतारा था और उन्होंने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यहां यह बताते चलें कि पिछली बार महापौर पदों और नगर पालिका परिषदों तथा नगर पंचायतों के अध्यक्षों का चुनाव अप्रत्यक्ष तरीके से हुआ था, जिसके अनुसार जनता ने सीधे पार्षदों को चुना था और फिर चुने हुए पार्षदों ने अपने बीच से नगर निगमों के महापौर और अन्य नगर निकायों के अध्यक्षों का चुनाव किया था। इस अप्रत्यक्ष विधि प्रणाली को 2019 में तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार ने शुरू किया था। हालांकि, इस बार साय सरकार ने प्रत्यक्ष चुनाव की पिछली प्रणाली को बहाल कर दिया, जिसके अनुसार लोगों ने नगर निकायों के महापौर और अध्यक्षों को चुनने के लिए सीधे मतदान किया।

बिहार विधानसभा चुनावो को लेकर सबके अपने-अपने दावे

गुलफिशा खान

दिल्ली के नतीजों के बाद अब सारी नजरें बिहार पर टिकी हैं। खासतौर से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर क्योंकि उनका जो पलटने का रिकार्ड रहा है। बिहार के विधानसभा चुनावों इस साल के अंत में नवंबर के महीने में प्रस्तावित हैं। जिसको लेकर जहां एक तरफ राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं तो वहीं दूसरी ओर विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से अपने–अपने जीत के दावे किए जा रहे हैं। सतही तौर पर देखे तो बिहार में भाजपा के नेतृत्व वाला राजग हाल–फिलहाल एक तरह से बिखर चुके इंडिया गठबंधन के सामने काफी मजबूत दिख रहा है। और अगर केन्द्र सरकार का नेतृत्व कर रही भाजपा की बात की जाए तो महाराष्ट्र और हरियाणा के बाद दिल्ली में जीत से भाजपा के हौसले बुलंद हैं। दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन की चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने अलग अलग चुनाव लड़ा। इसके बावजूद एकजुटता के हजार दावे किए जा रहे हैं। उस एकजुटता का टेस्ट अब बिहार में होगा। इन तमाम चुनौतियों के बीच लालू यादव दावा कर रहे हैं कि उनके रहते भाजपा नहीं जीत सकती। इस बीच जंगलराज का जिन्न भी बाहर निकल गया है।

एक ओर नीतीश बाबू प्रगति यात्रा पर हैं तो दूसरी ओर लालू यादव के साले सुभाष यादव अपने जीजा की पोल खोल में लगे हैं। लालू यादव के साले सुभाष यादव ने आरोप लगाया है कि लालू–राबड़ी सरकार के जमाने में अपहृत लोगों की रिहाई की डील मुख्यमंत्री आवास में होती थी। ये बात किसी से छिपी नहीं है कि लालू–राबड़ी शासन के पंद्रह वर्षों में उनके दो भाइयों साधु और सुभाष यादव के एक से एक कारनामे हमेशा चर्चा में रहते थे। तब सुभाष यादव लालू यादव के चहेते हुआ करते थे और अपहरण उद्योग उन दिनों की पहचान बन गया था, लेकिन अब वक्त बदल गया है। इसलिए राजद कह रही है कि सुभाष यादव भाजपा की भाषा बोल रहे हैं। कभी लालू के खासमखास रहे सुभाष से जंगल–राज की खास बात सामने आते ही सत्तारुढ़ गठबंधन ने विपक्ष पर तलवार खींच ली तो लालू यादव भी पुराने तेवर में दिखने लगे। लालू यादव दावा कर रहे हैं कि उनके रहते भाजपा नहीं जीत सकती।

लालू के दावों के बीच सवाल ये कि विपक्ष कितना तैयार है? दिल्ली चुनाव में इंडिया गठबंधन बिखरा–बिखरा नजर आया और एकजुटता के दावे फुस्स हो गए.। हालांकि, दिल्ली के नतीजों के बाद एक बार फिर दावे किए जा रहे हैं और नीतीश कुमार पर भी नजर टिका ली गई है। दिलचस्प ये कि बिहार में नीतीश कुमार के बेटे की सियासी एंट्री के कयासों के बीच कांग्रेस ने पोस्टर वार शुरू कर दिया है। वैसे सबसे बड़ा सवाल ये है कि महाराष्ट्र से लेकर दिल्ली तक जीत हासिल कर रही भाजपा को बिहार में मात देने के लिए विपक्ष कितना तैयार है? दिल्ली में हार के बाद बिहार में विपक्ष की चुनौती कितनी बड़ी है? क्या बिहार चुनाव में इंडिया ब्लॉक की एकजुटता दिखेगी? क्या दिल्ली हार के बाद इंडिया ब्लॉक बिहार में राजग को कड़ी टक्कर दे पाएगा? दिल्ली में जीत के बाद बिहार में भाजपा जनता दल यू को कितनी अहमियत देगी?

राजनीति के जानकारों की माने तो उनका कहना है कि कि कांग्रेस एक समय तक बिहार में विकल्प रही है, लेकिन आज उसकी हालत खराब है। ऐसे में बिहार में विपक्ष के लिए राह बहुत आसान नहीं है। जानकारों का यह भी कहना है कि रणनीतिकार कांग्रेस को गफलत में रखते हैं। पिछली बार कांग्रेस ने ज्यादा सीटें मांग ली थी। इस बार तालमेल बढ़िया होना चाहिए। हालांकि, विपक्ष के सामने चुनौती है, लेकिन मौका भी है। वहीं भाजपा के प्रवक्ता गुरु प्रकाश ने बताया कि लालू यादव अपने परिवार से आगे कुछ नहीं सोचते। तेजस्वी यादव को कैसे मौका मिला। नीतीश कुमार के सामने वो कहां खड़े होते हैं। बिहार की जनता एनडीए के साथ है।

वहीं पप्पू यादव ने कहा कि सुभाष यादव के आरोपों पर जाने की

अब जरूरत नहीं है। नीतीश कुमार की सरकार में भी कई तरह के माफिया काम कर रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ज्योति कुमार सिंह ने कहा कि इस बार के चुनाव का मुख्य मुद्दा नीतीश कुमार होंगे। भाजपा और जेडीयू आपस में ही झगड़ रहे हैं। बिहार में लगातार पुल गिरे हैं। व्यवस्था चरमरा गई है। राजद के मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि अब जनता बीमार बिहार नहीं, दौड़ता बिहार देखना चाहती है। तेजस्वी यादव के नेतृत्व में ये हम कर के दिखाएंगे। जनता दल यू के राजीव रंजन ने कहा कि हम बिहार में नौकरियों से लेकर बिहार सरकार के काम को लेकर जनता के पास जा रहे हैं। बिहार के कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाने वालों को अपना इतिहास याद कर लेना चाहिए।

अब नेता जो भी कहें, वोट तो जनता को देना है और वही मालिक है। तो अगर जनता को जिसका काम पसंद आएगा, वो उसी को गद्दी पर आसीन करेगी। अभी फिलहाल बिहार के विधानसभा चुनाव में लंबा समय है, लेकिन चुनावी साल होने के कारण बिहार में हलचल बढ़ गई है। नेता शहरों, कस्बों और गांवों में जाने लगे हैं। एक से बढ़कर एक वादे हो रहे हैं। जनता सोच रही है कि क्या सच में बिहार में ऐसा भी हो सकता है। पर मन नहीं बना पा रही। अभी सभी को तौल रही है। चुनाव तक फैसला कर पाएगी कि कौन उनके लिए सही काम करेगा।

और आप में शुरू हुई भगदड़

फरीद वारसी

जब सत्ता हाथ से निकल जाती है तो तब ही संबंधित राजनीतिक दल के सामने कई चुनौतियां सामने खड़ी हो जाती है और कहना गलत नहीं होगा कि इस दौर से दिल्ली का विधानसभा चुनाव हार कर सत्ता से बाहर हो गइ आप रूबरू हो रही है। दिल्ली की हार के बाद उसे पंजाब हाथ से निकल जाने का डर सता रहा है। अपना डर दूर करने के लिए आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बीते दिनों पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान सिंह और उनकी सरकार के मंत्री/विधायकों के साथ बैठक की। लेकिन यह बात अलग है कि दिल्ली में फिलहाल आप मे भगदड शुरू हो गई है। अब आप के सामने सबसे बड़ी चिंता पार्टी में शुरू हुए पलायन को रोके या भाजपा के उस ऐलान से बचने के लिए एक जुट हो कि जिसके तहत यह कहा गया है कि तत्कालीन आप सरकार पर भ्रष्टाचार के जो आरोप लगे थे, उन सभी मालमों की जांच होगी। इसी क्रम में दिल्ली में के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दरअसल, सेंट्रल विजिलेंस कमिशन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास के नवीनीकरण और लग्जरी चीजों की खरीद के लिए अरविंद केजरीवाल द्वारा कराए गए खर्च की जांच करने का आदेश दिया है। आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के विधायक विजेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री आवास पर किए गए खर्च की शिकायत की थी। इस शिकायत पर ही कार्रवाई करते हुए ये आदेश जारी किए गए हैं। सीवीसी ने सीपीडब्ल्यूडी को मुख्यमंत्री आवास में किए गए नवीनीकरण और लग्जरी पर किए गए खर्च की जांच करने को कहा है।

वहीं इधर जहां तक आप में शुरू हुई भगदड़ का सवाल है तो दिल्ली में चुनाव जीतने के बाद अब भाजपा ट्रिपल इंजन सरकार बनाने की कोशिश में है। आम आदमी पार्टी के तीन पार्षद भाजपा में शामिल हो गए हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की उपस्थिति में इन आप पार्षदों ने भाजपा का हाथ थामा। अब सवाल उठ रहा है कि क्या एमसीडी में अगला मेयर भाजपा का होगा...? आप के जो पार्षद भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें एंड्रयूज गंज से पार्षद अनीता बसोया, आरके पुरम से पार्षद धर्मवीर और चपराना वार्ड 152 से पार्षद निखिल शामिल हैं। इस मौके पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, पिछली दिल्ली सरकार के सभी गलत काम खत्म होने वाले हैं, उन्हें सजा दी जाएगी। फिर चाहे वह शीश महल हो, शराब घोटाला हो, जल बोर्ड घोटाला हो, पैनिक बटन घोटाला हो, राशन कार्ड घोटाला हो या फिर मोहल्ला क्लिनिक घोटाला. हर उस व्यक्ति को सजा मिलेगी जिसने दिल्ली को लूटने का काम किया है। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

हाल ही में विधानसभा चुनावों में शानदार जीत के बाद, दिल्ली में 'ट्रिपल इंजन सरकार' बनाने के लिए भाजपा की नजर महापौर के पद पर है। महापौर के लिए चुनाव अप्रैल में होने हैं। आम आदमी पार्टी ने पिछले साल नवंबर में हुए महापौर चुनाव में तीन मतों से जीत हासिल की थी। भाजपा नेताओं ने कहा कि भाजपा आसानी से अपने पार्षद को महापौर बनवा सकती है। भाजपा की दिल्ली इकाई के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में 48 सीट जीतने वाली भाजपा के पास दिल्ली नगर निगम में 14 मनोनीत सदस्यों में से 10 होंगे, जबकि 'आप' के पास चार होंगे। इसके अलावा, 'आप' के कई पार्षद नयी सरकार के तहत अपने वार्डों के विकास के लिए भाजपा में आने को तैयार हैं। अधिकारियों के अनुसार, नगर निगम में 'आप' के 121 पार्षदों में से तीन ने विधानसभा चुनाव जीता, जबकि भाजपा के 120 पार्षदों में से आठ सदन के लिए चुने गए। नगर निगम के 2022 के चुनावों में, 'आप' ने 134 वार्ड में जीत दर्ज की थी, भाजपा ने 104, कांग्रेस ने नौ और निर्दलीय उम्मीदवारों ने तीन वार्ड में जीत हासिल की थी। भाजपा नेताओं के अनुसार, महापौर का चुनाव पार्टी को दिल्ली के लोगों की सेवा करने के लिए 'ट्रिपल इंजन सरकार'

बनाने का अवसर प्रदान करेगा। एक अन्य वरिष्ठ नेता ने कहा कि दिल्ली के सात सांसद, 'आप' पार्षदों के पाला बदलने का अनुमान और मनोनीत सदस्य के तौर पर आठ विधायकों के नियुक्त होने से यह स्पष्ट है कि पार्टी महापौर का पद जीतेगी। उन्होंने कहा, 'आप के कई पार्षद हमसे संपर्क कर चुके हैं, लेकिन हमने उन्हें अभी तक कोई आश्वासन नहीं दिया है। नवंबर में हुए महापौर चुनाव में आप के कई पार्षदों ने भाजपा उम्मीदवार को वोट दिया था। गौरतलब है कि भाजपा लगभग 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में आई है। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर पांच फरवरी को हुए चुनाव में उसने 48 सीट जीती है। वहीं आप को अपनी सत्ता गंवाने के साथ सिर्फ 22 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। रहा सवाल कांग्रेस का तो लगातार तीसरी बार कांग्रेस का खाता दिल्ली के विधानसभा चुनावों में इस बार भी नहीं खुला।

केजरीवाल और आप का राजनीति का नशा उतरा

कहते हैं वक्त खराब हो तो ऊँट पर बैठे आदमी को भी कुत्ता काट लेता है। दिल्ली विधानसभा के इन चुनावों में लगता है अरविंद केजरीवाल केजरीवाल और उनकी पार्टी आप के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ दिखा।

दिल्ली में लोगों और खासकर महिलाओं को केजरीवाल ने जो सुविधाऐं मुहैया कराई उनसे ज़्यादा उन्होंने भविष्य में मिलने का वादा की गईं सुविधाओं पर भरोसा कर भाजपा को उम्मीद से ज़्यादा वोट दिए।

या यूँ कहिए कि मोदी है तो मुमकिन हुआ पर साथ ही यह भी नहीं भूलना चाहिए कि आप पार्टी के पिछले तीन चुनावों से मोदी प्रधानमंत्री हैं पर तब क्यूं नहीं मोदी मुमकिन कहना सार्थक हो सका ।

तभी इन चुनावों में केजरीवाल की हार के बाद यह कहावत भी सटीक है कि वक्त तो ऊँट पर बैठा नेता केजरीवाल चुनाव हार गए।

दिल्ली में महिलाओं को मिल रहीं सुविधाएँ गर्भ में चलीं गई भविष्य में मिलने वाली सुविधाओं पर भरोसा हुआ और ऐसा कि एक दशक से सत्ता में बैठे केजरीवाल और उनकी पार्टी का राजनीति का नशा उतर गया।

महिलाओं ने पुरुषों से कहीं अधिक वोट भाजपा डाल जता दिया कि केजरीवाल को देखलिया अब भाजपा को देखेंगे। महिलाओं ने जहां 61.92 फीसद वोट डाले वहीं पुरूषों ने 60.21 ही वोट डाले। यही नहीं वोटिग में भी महिलाएँ आगे रहीं।

तभी कहा जा रहा है कि भाजपा की इस जीत में महिला फैक्टर ज़्यादा रहा। अब भले 2020 के चुनाव में आप पार्टी ने महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा दी और यह आप की जीत का आधार बना था।

और इस बार भी महिलाओं की लिए सुविधाओं का पिटारा खुलना था जिसमें फ्री बस के अलावा महिला सम्मान योजना में 2100 रूपये हर महीने देने का वादा था।यही नहीं कांग्रेस की तरफ से भी 2500 रूपये हर महीने देने का वादा था और साथ ही गरीब महिलाओं को 500 में सिलेंडर के अलावा त्योहार पर पर फ्री गैस सिलेंडर के अलावा 2100 रूपये भी देने का वादा था।लेकिन भाजपा की ओर से बुजुर्गों को पेंशन,2000 रूपये हर महीने से बढ़ाकर 2500 के अलावा पेंशन राशि बढ़ाने के साथ ही झुग्गी बस्ती में अटल कैंटीन और फिर मोदी की गारंटी पर पर ज्या भरोसा कर भाजपा के लिए वोट दिए। और भाजपा ने 70 में 48 सीटें जीतीं।

भला हो दिल्ली के लोगों और खासकर महिलाओं का कि भाजपा उनसे किए गए वादें को पूरा करें और अगले चुनावों के लिए अपनी जमीन पक्की पर अगर इन वादों और केजरीवाल की योजनाओं को जारी रखने का वादा पूरा करने की बजाए इन्हें पिछले चुनावी वादों की तरह चुनावी जुमला करार दे दिया गया तो क्या तो होगा वादों का और कैसे कहेंगे लोग कि मोदी है तो मुमकिन है ।विधानसभा चुनावों में 70 सीटों में से 48 सीटें जीतने वाली भाजपा के सामने अब दिल्ली का मुख्यमंत्री चुनने की चुनौती है।

यूँ सीएम बनने की चाहत में दिल्ली भाजपा के पुराने और धुरंधर नेता चुनाव जीतने के बाद से गणेश पर्क्रिमा लगे हैं।माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के फ्रांस और अमेरिका के दौरे के बाद यानी 15 फरवरी तक सीएम के नाम का एलान हो सकेगा। और जीते हुए विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह भी इसी दौरान होगा।कहा जा रहा है कि सीएम बनाते समय बिहार और फिर यूपी में होने वाले चुनावों में पार्टी की चुनौतियों को भी ध्यान रखा जाना है।

बंजर भूमि में हरियाली लाने की मुस्कान



भारत डोगराकिसी

राजस्थान के करौली जिले के मकनपुरस्वामी गांव (मंडरयाल ब्लॉक) के कृषक बल्लभ और विमला ने बताया कि उनके गांव में पत्थर का खनन होता रहा है और बहुत सी जमीन पथरीली होने के साथ खनन के पत्थर भी इधरदृउधर बिखरे रहते हैं। गांव में पानी की बहुत कमी थी। उनकी जमीन का एक महावपूर्ण हिस्सा बंजर पडई था। इस स्थिति में आसपास के अनेक गांवों ने चंदा एकत्र किया और फिर श्रमदान करते हुए वर्षा के बहते पानी को एक स्थान पर रोक कर जल संकट को कुछ हद तक कम किया। वे बताते हैं कि इससे भी बडई बदलाव तब आया जब 'सृजनश नामक संस्था ने जलदृस्रोतों से मिट्टी हटवा कर खेतों में डलवाई। इससे जलदृस्रोत में गहराई आईं अधिक जल एकत्र होने लगा और खेतों का उपजाऊपन बढई। खेतों की मेढईबंदी की तो उनमें भी पानी रु□कने लगा। कृषि भूमि का समतलीकरण किया गया। इस सब का असर हुआ कि बहुत सी पथरीली बंजर भूमि पर अब खेती होने लगी। बल्लभ और विमला अपने हरेदृभरे सब्जी के खेत दिखाते हुए बताते हैं कि 'सृजनश ने बीजॉ पौधों और प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण द्वारा सहायता दी। आरंभ में प्राकृतिक खेती में कुछ कठिनाई आई पर अब प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं की कीमत डेढई गुनी मिल रही है। विविध सब्जियों का फसलदृचक्र वर्ष भर चलता रहता हैं जिससे आय भी होती है और पोषण भी सुधरता हैद्य भी किसान के लिए बहुत उत्साहवर्धक स्थिति है कि पथरीली और बंजर पडई भूमि हरीदृभरी फसलों से मुस्कराने लगे और यह उत्साह आज राजस्थान के करौली जिले के अनेक किसानों में दिखाई दे रहा है। मकनपुरस्वामी गांव (मंडरयाल ब्लॉक) के कृषक बल्लभ और विमला ने बताया कि उनके गांव में पत्थर का खनन होता रहा है और बहुत सी जमीन पथरीली होने के साथ खनन के पत्थर भी इधरदृउधर बिखरे रहते हैं। गांव में पानी की बहुत कमी थी। अतः उनकी जमीन का एक महावपूर्ण हिस्सा बंजर पडई था। द्य इस स्थिति में आसपास के अनेक गांवों ने चंदा एकत्र किया और फिर श्रमदान करते हुए वर्षा के बहते पानी को एक स्थान पर रोक कर जल संकट को कुछ हद तक कम किया। आगे वे बताते हैं कि इससे भी बडई बदलाव तब आया जब 'सृजनश नामक संस्था ने जलदृस्रोतों से मिट्टी हटवा कर खेतों में डलवाई। इससे जलदृस्रोत में गहराई आईं अधिक जल एकत्र होने लगा और खेतों का उपजाऊपन बढई। खेतों की मेढईबंदी की तो उनमें भी पानी रुकने लगा। कृषि भूमि का समतलीकरण किया गया। इस सब का मिलादृजुला असर यह हुआ कि बहुत सी पथरीली बंजर भूमि पर अब खेती होने लगी। बल्लभ और विमला अपने हरेदृभरे सब्जी के खेत दिखाते हुए बताते हैं कि 'सृजनश ने बीजॉ पौधों और प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण द्वारा सहायता दी। आरंभ में प्राकृतिक खेती में कुछ कठिनाई आई पर अब प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं की कीमत डेढई गुनी मिल रही है। विविध सब्जियों का फसलदृचक्र वर्ष भर चलता रहता हैं जिससे आय भी होती है और पोषण भी सुधरता है। पशुओं के गोबर और मूत्र की खाद बनाने के लिए बायोदृरिसोर्स सेंटर भी उन्होंने स्थापित किया है। इसी गांव के किसान मान सिंह बताते हैं कि 'सृजनश ने उनके जैसे कुछ किसानों को सोलर पंप सेट लगाने में सहायता दी और कुछ अन्य को सरकारी विभागों से यह सब्सिडी सहित प्राप्त करने में सहयोग भी दिया। इनके सोलर पंप बहुत कामयाब हैं और डीजल के खर्च में भी बहुत कमी आई हैं जबकि प्राकृतिक खेती के प्रसार से अन्य खचाप्र में बहुत कमी आई हैद्य। इसी प्रखंड में जगदडईपुरा की महिला किसान संगठित हुई हैं और नियमित मीटिंग कर विकास कार्य को आगे बढईाती हैं। यह गांव राजस्थान की सीमा पर है और थोडई सा आगे जाकर मध्य प्रदेश के मुरैना जिले या चम्बल क्षेत्र के बीहडई आरंभ हो जाते हैं। अतः यहां भूमि बंजर होने का खतरा बीहडईं के प्रसार से भी है और मिट्टी के अधिक कटाव से बीहडई फैलते और बढईते हैं। गांव के किसान अपनी मेहनत से जमीन को समतल कर इस कठिन स्थिति को संभालते हैं। यहां 'सृजनश के प्रयासों ने किसानों की हिम्मत को बहुत बढई दिया है। गांव की महिलाओं ने सामूहिक चर्चा में बताया कि पहाडईी क्षेत्र में जलदृसंरक्षण कार्य 'सृजनश की सहायता से हुए हैं जिससे जलदृस्तर में सुधार हो रहा है। भूमि का समतलीकरण और मेढईबंदी को भी बढईाया गया है और प्राकृतिक खेती का प्रसार किया गया है। ऐसे विभिन्न प्रयासों से इस गांव में लगभग २५ हैक्टेयर बंजर भूमि पर खेती होने लगी है और इससे लगभग दो गुनी भूमि पर फसल की सघनता और उत्पादकता बढईी है। जिस भूमि पर पहले केवल बाजरा होता थॉ उस पर अब गेहूँ चनॉ सरसों और सब्जियां सब हो रहे हैं। 'सृजनश के माध्यम से सरकारी कृषि विज्ञान केंद्र से भी मजबूती का संबंध बना है और सिलाई की मशीनॉ सिंचाई के लिए प्रिंकलर आदि का लाभ मिला है। खारा पानी गांव की बडईी समस्या है और जब जल जीवन मिशन में लगे नल से बेहतर गुणवत्ता का पानी आने लगा तो लोग बहुत प्रसन्न हुए पर किसी अन्य गांव में पानी फसल के लिए लेने हेतु पाइपलाइन तोडई दी गई तो यहां नल में पानी आना रुक गया और लोग फिर खारा पानी पीने को मजबूर हो गए। इसी ब्लॉक में स्थित तीन पोखर गांव पथरीली भूमि और पानी की कमी के अतिरिक्त जंगली जानवरों के प्रकोप से त्रस्त रहा है। यहां की बहुत कठिन स्थितियों को देखते हुए अनेक संस्थाओं ने जलदृसंरक्षण का कार्य किया। हाल के समय में 'सृजनश ने ८ पोखर बनवाएँ १८ पोखरों को गहरा कियॉ मेढई पक्की की और अन्य सुधार किए। प्राकृतिक खेती का प्रसार किया और सरकारी सहायता प्राप्त करने में सहयोग किया। इसका असर यह हुआ है कि विकट परिस्थितियों और विशेषकर जंगली पशुओं संबंधी बढईती कठिनाइयों के बावजूद कुछ किसान बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने में जुटे हैं और खेत से पत्थर हटानॉ समतलीकरणॉ उपजाझ मिट्टी डलवाने के कार्य 'सृजनश जैसी संस्थाओं के सहयोग से कर रहे हैं। सपोटरा ब्लॉक में कैला देवी धार्मिक स्थल से आगे पहाडईी वनीय क्षेत्र इस जिले में अधिक हैं। यहां के मार्ग बहुत कठिन हैं और गांव दूरदृदूर तक बिखरे हुए हैं। ऐसे बडई क्षेत्र प्रायः नजर आते हैं जहां सिंचाई मिलने से खेती हो सकती है पर पानी के अभाव में भूमि बंजर पडईी है। अपने सीमित संसाधनों के आधार पर 'सृजनश ने ऐसे अनेक गांवों को चुना है और बडईी संख्या में पोखर बनवाए हैं या पहले से बने पोखरों का सुधार किया है और उनकी सफाई के दौरान प्राप्त मिट्टी से खेतों को अधिक उपजाऊ बनाया। रावतपुरा एक ऐसा ही गांव है जहां 'सृजनश ने वर्ष में लगभग १३ नये जल स्रोत या पोखर बनवाए और लगभग इतने ही पहले से बने पोखरों का सुधार भी किया। इस कार्य के फलस्वरूप लगभग २०० एकडई बंजर भूमि पर खेती होने लगी और लगभग इतनी ही भूमि पर एक के स्थान पर दो फसल होने लगीं और उत्पादकता भी बढई गई। जहां पहले वर्षा आधारित धान होता थॉ वहां रबी की फसल में भी गेहूँ चनॉ सरसों का उत्पादन होने लगा। पहले अपना पेट भरने लायक अनाज भी किसान प्राप्त नहीं कर रहे थॉ वहां अब व्यापारी गांव में आकर ही गेहूँ सरसों आदि खरीदने लगे। एक किसान देवी सिंह की लगभग आधी भूमि बंजर पडईी थी पर अब इस भूमि पर भी खेती हो रही हैं फसल लहलहा रही है। किसान इन विभिन्न विकास कायाप्र में लगभग एक तिहाई आर्थिक सहयोग स्वयं देने को तैयार रहते हैं जबकि लगभग दो तिहाई सहयोग 'सृजनश की ओर से किया जाता है। जिन किसानों के लिए अपना सहयोग देना कठिन हो उनके लिए आपसी बातचीत से कोई समाधान निकाल लिया जाता हैद्य। इस तरह समुदायों के साथ नजदीकी भागेदारी से कार्य करते हुए और इस आधार पर जलदृस्रोतों के निर्माणॉ पुराने जलदृस्रोतों के सुधारॉ मेढईबंदीॉ भूमि समतलीकरण आदि के कायाप्र से बंजर भूमि को हरादृभरा करने की बडईी संभावनाएं उत्पन्न होती हैं। 'सृजनश के टीम लीडर भवानी सिंह के अनुसार पांच वषाप्र के प्रयास में प्रखंडों में १२५० एकडई बंजर भूमि पर खेती की प्रगति संभव हुई और २८६ पोखरों का सुधार हुआ जबकि ९६ नये पोखर बनाए गए। ग्रामीण समुदायों की उत्साहवर्धक भागेदारी प्राप्त हो जाने से यह कार्य बहुत कम बजट पर हो सका और इस तरह बंजर भूमि को हरादृभरा करने के इस प्रयास से बहुत कुछ सीखा जा सकता हैद्य।

अनियंत्रित होकर पलटी टैक्सी, चालक जख्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली के त्रिलोकपुर गांव के समीप रविवार की रात नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित होकर टैक्सी पलट गई जिसमें चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कोखराज थाना क्षेत्र के अहिरारा निवासी आशीष पटेल पुत्र सरजू लाल टैक्सी चालक है रविवार की रात वह अजुहा से वापस लौट रहा था। जैसे ही वह त्रिलोकपुर गांव के समीप नेशनल हाईवे पर पहुंचा अचानक टैक्सी अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

नकदी व जेवरात पार करने पर युवती पर केस

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशाम्बी। कोखराज थाना के एक कस्बे में एक युवती ने घर के अंदर घुस कर नकदी व जेवरात पार कर दिया। गृहस्वामी ने देखा तो पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। कोखराज के सिंधिया निवासी बोबी पुत्र अशोक कुमार ने बताया कि दस फरवरी की सुबह उसकी भाभी रीता कपड़े व अंगूठी निकालने के लिए अलमारी खोली तो उसमें रखा तीन हजार की नकदी सहित सोने चांदी के जेवरात गायब थे। पूछताछ के दौरान बहन मुस्कान ने बताया कि सात फरवरी की शाम एक युवती को घर के अंदर से निकलते देखा था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात युवती के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

ब्लाक प्रमुख पति को जान से मरने की धमकी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सहारनपुर, नानौता। ब्लॉक प्रमुख पति ऋषिपाल राणा को एक बार फिर से इंटरनेट व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से जान से मारने की धमकी दी गई है। ऋषिपाल राणा के नाम से थाना बडगांव में प्रार्थना पत्र देकर अपने परिवार की सुरक्षा एंव कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है।

बताते चले कि इससे पहले भी नानौता ब्लॉक प्रमुख पति ऋषिपाल राणा को जान से मारने की धमकी दी गई थी जिस कारण ऋषिपाल राणा ने सतर्कता बरतते हुए अपने आपको घर में ही बन्द कर रखा है और अपने प्राईवेट सुरक्षा गार्ड लगाये हुए है। अब फिर जिस तरीके से ऋषिपाल राणा को धमकी मिल रही है उसे पुलिस प्रसासन द्वारा नजरअंदाज किया गया तो कोई भी अप्रिये घटना घटित हो सकती है।

एएल कान्वेंट स्कूल एंड गर्ल्स कालेज में हुआ वार्षिकोत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशांबी। मंझनपुर के कोर्रा रोड स्थापित एएल कॉन्वेंट स्कूल एंड गर्ल्स कॉलेज में विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधक बनवारी लाल यादव ने माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते बच्चों को बताया कि शिक्षा से हर लक्ष्य को पाया जा सकता है। प्रिंसिपल अवशेष यादव ने कहा कि शिक्षा ही वह कुंजी है जो हमारे हर सपने को पूरा कर सकती है। वार्षिकोत्सव में विद्यालय के बच्चों ने देश भक्ति गीत, नाटक तथा अन्य सांस्तिक कार्यक्रमों से अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर सभासद निरंजन चौधरी, शिवम, सुशील, सुषमा, विनय प्रभात, जवाहर, बृजेश, प्रकाश, प्रीति, भावना, जोया आदि गणमान्य सहित बड़ी संख्या अभिभावक व छात्र मौजूद रहे।

परशुराम सेना के मंडल प्रभारी देवी पाटन बने पंडित अभिषेक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। परशुराम सेवा संस्थान श्इकाईश परशुराम सेना प्रकोष्ठ से मंडल प्रभारी देवीपाटन पंडित अभिषेक चौबे को बनाया गया। परशुराम सेना प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित महेंद्र नाथ तिवारी के निर्देशानुसार में सिसई हैदर ब्लॉक तेजवापुर निवासी पंडित अभिषेक चौबे को प्रदेश कोषाध्यक्ष पंडित चन्द्र भूषण द्विवेदी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पंडित स्नेह शुक्ला ने अंगवस्त्र व नियुक्ति पत्र देकर देवी पाटन मंडल का मंडल प्रभारी बनाया नियुक्त किया। पंडित अभिषेक चौबे ने बताया कि परशुराम सेना प्रकोष्ठ से हमें मंडल प्रभारी देवी पाटन पद पर नियुक्ति की गई है। साथ में अरविंद कुमार पांडेय को मंडल उपाध्यक्ष व दीपक पांडेय को सदस्य नियुक्त किया गया। पंडित अभिषेक चौबे ने कहा कि संगठन की नीतियों एवं सिद्धान्तों का पालन करते हुए देवीपाटन मंडल के ब्राह्मण समाज का उत्थान करेंगे व संगठन को मजबूत एवं सु.ढ़ बनाएंगे। पंडित अभिषेक चौबे को मंडल प्रभारी देवी पाटन बनने पर ब्राह्मण संगठनों में खुशी की लहर है और सभी ने बधाई दी। इस मौके पर जिला संरक्षक पुंडरीक पांडेय, जिला संयोजक विश्वसवरूप मिश्रा, जिला प्रभारी दिलीप मिश्रा, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष मोहित मिश्रा, जिला महासचिव नीरज अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष अंबरीष अवस्थी, जिला प्रवक्ता अरून तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष आईटी सेल इंद्रेश मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष पयागपुर विनोद तिवारी, ब्लॉक संरक्षक डीके मिश्रा, आशीष अवस्थी, गौरव मिश्रा, राजू चौबे समेत अन्य मौजूद रहें।

समाजवादी संदेश यात्रा का कटरा में हुआ जोरदार स्वागत

– शहीद–ए–वतन ठाकुर रौशन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पीडीए परिचर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। खुदागंज से चलकर आ रही पीडीए परिचर्चा समाजवादी संदेश यात्रा का कटरा नगर में स्टेशन मार्ग एवं कटरा चौराहा सहित मुख्य बाजार मार्ग पर हार फूल मालाओं से जोरदार स्वागत हुआ। सपा छात्र सभा विधानसभा अध्यक्ष मनोज सिंह, लोहिया वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष सौरभ सिंह के नेतृत्व में पी.डी.ए परिचर्चा समाजवादी संदेश यात्रा निकाली गई। मुख्य बाजार मार्ग पर युवा सपा नेता पुनीत कुमार गुप्ता ने यात्रा का माल्यार्पण कर पानी, फल, मिष्ठान वितरित कर जोरदार स्वागत किया। पुनीत कुमार गुप्ता की पुत्री अग्रिमा ने पूर्व विधायक राजेश यादव को साइकिल चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। स्वागत करने वालो में प्रमुख रूप से पुनीत कुमार गुप्ता, डी.डी गंगवार, नरेश पाल सिंह यादव इत्यादि। इस दौरान यात्रा में प्रमुख रूप से सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खाँ, पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व एमएलसी अमित यादव रिंकू, जितेंद्र यादव अड्डू, राम बहादुर गुप्ता, राजेश बाथम, अजीत यादव, मुकर्रम हयात खान, विवेक सिंह, डॉ0सुरेंद्र गुप्ता, विश्व दीपक चौहान, पप्पू सिंह, राजेश गंगवार, राजेन्द्र गुर्जर, ठाकुर अरविंद सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, अजय यादव, राधेश्याम यादव, शिवेंद्र सिंह, सुमित कुशवाहा, इम्तियाज वली खान, उजैर खान, रानू खान, यश मौर्य, प्रवेश यादव, अरविंद सिंह, रवि यादव, ज्ञानवीर यादव, शिवम, उदित, भारत सिंह, रवि सिंह, दिव्यांश, गुलफाम अल्वी, सहित कटरा विधानसभा के सैंकड़ों की तदाद में सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व विधायक राजेश यादव ने बताया है कि खुदागंज से चल कर आई पीडीए परिचर्चा समाजवादी संदेश यात्रा आज ग्राम सिउरा में रात्रि विश्राम करेंगी। कल प्रातरू10रू00 बजे यात्रा जैतीपुर से गढ़िया रंगीन के लिए प्रस्थान करेगी।

भविष्य को उज्जवल बनाने में शिक्षकों का बड़ा योगदान : काजिम

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। स्थानीय मदरसा अल्लामा फजले हैदराबादी हक खैराबादी मेमोरियल कॉलेज खैराबाद में आयोजित सीनियर सेकेंडरी इंटरमीडिएट के छात्र एवं छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए संस्था संस्थापक एवं संचालक काजिम हुसैन ने कहा कि बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने में माता–पिता का तो बड़ा हाथ होता है लेकिन उनसे भी ज्यादा उनके शिक्षकों का योगदान होता है जिनके द्वारा बच्चों की प्रतिभाओं को निखार कर एक अच्छा और सुंदर इंसान बनाने का कार्य शिक्षक ही करता है बच्चों के रहन–सहन और उनके मान सम्मान की रक्षा के लिए शिक्षक ही उन्हें समय–समय पर मार्ग दर्शित करता रहता है शिक्षकों को सदैव इन नौनिहालों के प्रति अपने दायित्वों को अच्छी तरह से ईमानदारी के साथ ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं प्रधानाचार्य एहतिशाम आलम ने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी से तरह–तरह के बर्तनों को बनाने का कार्य करता है उसी प्रकार शिक्षक भी इन बच्चों को अच्छा इंसान बनाने का कार्य करता है ताकि बच्चे भविष्य में कभी गलत राह पर न जाने पाएं। इस अवसर पर कक्षा 11 के छात्र हिसामुद्दीन ने तिलावत ए कुरान पाक से कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात बच्चों ने अपने सुविचार भाषण नज्म,गीत के माध्यम से अपने गुरुओं के सामने प्रस्तुत किया जिन्हें सभी शिक्षकों ने खूब सराहा कक्षा 11 के बच्चों ने कक्षा 12 के बच्चों को उपहार स्वरूप स्मृति चिन्ह दिए जबकि कक्षा 12 के छात्र–छात्राओं ने अपने गुरुजनों को सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह प्रस्तुत किया कार्यक्रम में शिक्षक अब्दुल हफीज, उमैर आजाद, कामरान खान, रूबीना परवीन, निकहत जहां महविश अंसारी ,अमर जहां,जकिया बेगम, महविश शहाब आदि ने भी अच्छी बातें बताई जबकि प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को कलम आदि देकर आशीर्वाद प्रदान किया

विदा होने वाली कक्षा 12 की छात्राओं ने अपनी आंखों में आंसू लेकर मदरसा से विदाई ली ज्ञात रहे इन बच्चों का कल 17 फरवरी से परीक्षा कार्यक्रम लगा हुआ है इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और कार्यक्रम का समापन कर दिया गया सभी बच्चों ने मदरसा प्रांगण को गुब्बारों और झालरों के द्वारा खूब सजाया था स्टडी पवाइंट के छात्र अब्दुल कादिर सिद्दीकी हमजा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया जिसे सभी ने खूब सराहा अकील अहमद मुन्ना ने भी कार्यक्रम में योगदान दिया।

जमाअत-ए-इस्लामी ने चलाया नशा मुक्त समाज अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। जमाअत–ए–इस्लामी हिंद उत्तर प्रदेश (पश्चिम) की ओर से नशा मुक्ति समाज अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य अतिथि जमाअत ए इस्लामी हिंद की सेक्टर प्रभारी आरिफा खातून ने कहा कि अभियान का उद्देश्य समाज को नशे के प्रति जागरूक करना है। युवा पीढ़ी नशे का शिकार होती जा रही है। नशे को नहीं रोका गया तो भाविष्य में इसके परिणाम घातक होंगे। हमारे समाज में कई प्रकार की बुराइयां नशे के कारण पनप रही हैं। जो हमारे समाजिक जीवन को प्रभावित कर रही हैं। नशे के कारण युवा पीढ़ी अपनी क्षमता और भविष्य को खो रहा है। नशा मुक्त अभियान को गंभीरता से लेते हुए जमाअत ए इस्लामी हिंद ने नशा मुक्त समाज संकल्प शीर्षक के तहत नशा मुक्ति अभियान 14 फरवरी से 23 फरवरी तक मनाने का फैसला लिया है। नशे के कारण घरेलू हिंसा, एक्सीडेंट, दुष्कर्म, मारपीट, गाली गलौज जैसी घटनाएं होती हैं। इस समस्या से निपटने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आवश्यक है। हमारे कटरा नगर के सभी इंटर कॉलेज, स्कूल, कान्वेंट, मदरसा के प्रधानाचार्य से संपर्क कर नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए के जागरूकता कार्यक्रम से चलाए जायेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विचार गोष्ठी, पब्लिक मीटिंग, नुक्कड़ सभाएं, व्यक्तिगत और स्कूल एवं कालेज की रैली, सोशल मीडियाा के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाएगा। जिससे नशा मुक्त समाज अभियान सफल हो सके। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हाफिज सलाहुद्दीन खान शाहिद रजा खान, नदीम खान, मो0जाहिद, अतीक मंसूरी, मो0अफान, मुजीब मंसूरी, मुजाहिद खान इत्यादि मौजूद रहे।

वर्ल्ड वेटलैंड दिवस पर हुई इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिहींपुरवा, बहराइच। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अन्तर्गत भारत नेपाल सीमा पर स्थित कतर्नियाघाट वन्य जीव विभाग के मोतीपुर इको परिसर में वार्ड वेटलैंड दिवस के अवसर पर एनवायरमेंट वॉरियर्स संगठन द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनवायरमेंट वारियर्स संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान वन क्षेत्र में सतत सेवा दे रहे तथा वन व वन्य जीव संरक्षण के लिए उत्ष्ट कार्य करने वाले वन कर्मियों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सरोजिनी नगर विधानसभा से भाजपा विधायक राजराजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार वन व वन्य जीव के संरक्षण के के प्रति .ढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इस दौरान उपस्थित विभिन्न इंटर कॉलेज के छात्रों व जन समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि में कहा कि सबको नैतिक रूप से जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि वन्य जीव तथा पर्यावरण का संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर एच राजमोहन तथा एनवायरमेंट वॉरियर संगठन के फाउंडर अंबिका मिश्रा ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि द्वारा क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सर्वोदय इंटर कॉलेज के छात्र व विद्यालय टीम को 20000 रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले एसपीबीपी इंटर कॉलेज सेमरहना के छात्र टीम को 10000 रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले नवायु इंटर कॉलेज के छात्र टीम को 5000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान संगठन द्वारा कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में काम करने वाले समस्त वाचर्स स्टाफ को साइकिल प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर संगठन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सर्वोदय इंटर कॉलेज मिहींपुरवा, नवयुग इंटर कॉलेज मिहींपुरवा, एसपीबीपी इंटर कॉलेज सेमरहना, राम सागर इंटर कॉलेज कसौजी, जेपीआर इंटर कॉलेज भगड़िया, लक्ष्मी देवी इंटर कॉलेज माधवपुर, शिव शंकर सिंह इंटर कॉलेज अमृतपुर, जेडी इंटर कॉलेज बोझिया सहित लगभग 11 इंटर कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभा किया। इस अवसर पर एनवायरमेंट वॉरियर

संगठन के फाउंडर मेंबर कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा, कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभात के प्रभागीय वनाधिकारी बी शिव शंकर, ट्रेनी आईएफएस अधिकारी कीर्ति चौधरी, उपप्रभागीय वनाधिकारी संतोष सिंह, अमित वांगरे, एडवोकेट निखिल मिश्रा, डा. बृजेश, मानिक, तेजपाल, इमरान, मयंक आदि संगठन के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनवायरमेंट वॉरियर संगठन के सदस्य मिस श्वेता ने किया।

ट्रक में पीछे से भिड़ी श्रद्धालुओं की कार, छः जख्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशाम्बी। सैनी कोतवाली के स्थानीय कस्बे में स्थित नेशनल हाईवे के ओवरलाई के ऊपर प्रयागराज महाकुंभ से वापस लौट रही कार अनियंत्रित होकर आगे जा रही ट्रक में पीछे से भीड़ गई हादसे में कार सवार आधा दर्जन श्रद्धालु जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं कार क्षतिग्रस्त हो गई। हरियाणा के फरीदाबाद के डबूआ कालोनी निवासी संजीव दूबे पुत्र शशि भूषण दूबे 38 वर्ष परिवार के साथ कार से प्रयागराज महाकुम्भ गए थे जहां संगम स्नान के बाद रविवार की भोर वापस घर लौट रहे थे। लगभग चार बजे के करीब कार सवार जैसे ही सैनी कोतवाली के सैनी ओवरलाई के ऊपर पहुंचे तभी नेशनल हाईवे पर आगे जा रही ट्रक ने कार पीछे से भीड़ गई हादसे के बाद कार में सवार लोगों में अफरा तफरी मच गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कार से बाहर निकाल 1033 एंबुलेंस के पैरामेडिकल कुँअर पाल सिंह ने पुलिस की मदद से सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने हादसे ने क्षतिग्रस्त कार को नेशनल हाईवे से बाहर कराया और यातायात शुरू कराया। घायलों में संजीव दुबे 30 वर्ष, पत्नी सावित्री 28 वर्ष, पिता शशिभूषण दूबे पुत्र सत्य नारायण 65 वर्ष, मां सुषमा देवी 62 वर्ष, पुत्र अभिनन्दन 5 वर्ष, पुत्री तान्या 5 वर्ष व पुत्र तन्मय 7 वर्ष घायल है। जिसमे सुषमा देवी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

लापता अधेड़ का पेड़ से लटकता मिला शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में 6 दिन से लापता अधेड़ का संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर पेड़ पर लटकता हुआ शव मिलने से सनसनी मच गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने अधेड़ की जमीनी विवाद में हत्या करने और शव को पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुटी हुई है। कड़ाधाम थाना क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग गांव का केवलचंद्र पुत्र रामचन्द्र प्रजापति पिछले 11 फरवरी से घर से लापता था। पत्नी आशा की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी थी जिसके बाद पुलिस ने दोनों से चार लोगों को शांतिभंग के आरोप में कार्यवाही थी। वहीं रविवार की सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने पेड़ पर केवलचंद्र का शव लटकते हुए देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस और केवल चंद्र के परिजनों को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है। वही परिजनों ने केवल की जमीनी विवाद में हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया है। परिजनों में गांव के कुछ लोगों पर हत्या करने का शक जताया है। पुलिस परिजनों से तहरीर लेकर जांच की बात कह रही है। वहीं अधेड की हत्या को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चाएं हो रही है। मृतक का अंतिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। मृतक के तीन पुत्र थे जिसमें एक सऊदी अरब में एक दिल्ली है और तीसरा पुत्र घर में ही रहता है।

एसपी ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक में थानाध्यक्षों के कसे पेंच

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस लाइन में रविवार को पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने वांछित अभियुक्तों की गिरतारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने कहा कि पीड़ितों को शीघ्र और प्रभावी न्याय दिलाने हेतु बेहतर पुलिसिंग आवश्यक है। जिसके .ष्टिगत समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और उनकी शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु रात्रि गश्त को नियमित और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया जाए। थानों पर लंबित विवेचनाएं, विशेषकर एससीध्एसटी एक्ट, महिला संबंधी अपराध, पॉक्सो एक्ट आदि की समीक्षा की गई तथा कार्य योजना बनाकर गुण–दोष के आधार पर विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण करने, विशेष रूप से वांछित अपराधियों की गिरतारी सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया औरपॉक्सो एक्ट, महिला संबंधी अपराधों में अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी करने के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने समस्त थाना प्रभारियों को जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखने तथा थाना क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों, संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रहरियों, पुलिस मित्रों आदि के साथ समय–समय पर गोष्ठी आयोजित कर आपसी समन्वय स्थापित करने सहित थाना क्षेत्र में अवैध शराब, खनन, चोरी, पशु तस्करी, अवैध शस्त्र तस्करी आदि अपराधों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान की समीक्षा की। चोरीध नकबजनी, एनबीडब्ल्यू व विवेचना निस्तारण हेतु 15 दिवसीय अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी आफ इंडिया की कार्यकारिणी गठित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। इन्टरनेशनल गुडविल सोसायटी आफ इंडिया चेप्टर की आवश्यक बैठक महारानी अवन्तीबाई जूनियर हाईस्कूल आनन्द नगर चौरसिया बाग में सम्पन्न हुई। बैठक में नयी कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें बीरेंद्र दुबे एडवोकेट अध्यक्ष, ब्रजेन्द कुमार गुप्ता एडवोकेट उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र प्रकाश तिवारी उपाध्यक्ष, जगत सिंह राजपूत सचिव, अनिल कुमार शर्मा संयुक्त सचिव, इन्जीनियर सत्यप्रकाश झा कोषाध्यक्ष, हरीशंकर पटेल जनपद कोआर्डिनेटर तथा सुरेश सिंह राजपूत वेदप्रकाश गुप्त, गणेश राजपूत, सुरेश चंद्र, प्रदीप राठौर, नीलेश वर्मा, राधा मोहन, संजीव कुमार राठौर को सदस्य बनाया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से इटावा चेप्टर को अत्यधिक सक्रिय बनाने और आगामी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्ष संजीव कुमार भदौरिया ने की। बैठक में विशेष रूप से हुकुम सिंह राजपूत एरिया कोआर्डिनेटर उपस्थित रहे।

युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक ममाज होटल में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में

युवा कांग्रेस को मजबूत करने के लिए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रत्येक जनपद में कार्यकर्ता सम्मेलन करेंगे। कांग्रेस पार्टी का युवा कांग्रेस एक मजबूत अंग होता है यदि युवा कांग्रेस मजबूत होगी तो कांग्रेस पार्टी को और अधिक बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि इटावा कांग्रेस को कमजोर समझते थे लेकिन आज यहां आकर मुझे एहसास हुआ कि कांग्रेस का एक एक जांबाज कार्यकर्ता मजबूती के साथ कांग्रेस के साथ खड़ा है और यहां कांग्रेस बहुत मजबूती के साथ काम कर रही है। इटावा से कांग्रेस का जन्म हुआ था और इटावा से ही कांग्रेस उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का काम करेगी। हम एक मजबूत संगठन तैयार करने का काम कर रहे हैं और हम बूथ स्तर तक संगठन को ले जाएंगे। सम्मेलन में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह महासचिव कौशलेंद्र यादव कनिष्क पांडे जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव मोहम्मद राशिद खान पल्लव दुबे युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक शिवहरे युवा जिला अध्यक्ष सोजिव रिजवी कोमल सिंह कुशवाहा आशुतोष दीक्षित प्रमोद शंखवार अरुण यादव आलोक यादव प्रेम किशोर दुबे सुनीता कुशवाहा सरला जाटव करन सिंह राजपूत प्रशांत तिवारी कमलेश वर्मा सतीश नगर मनोज दीक्षित महेश कटारे राजकुमार परिहार यशपाल यादव आसिफ जादरान आदि लोगों उपस्थित रहे।

अनाथ बच्ची की मदद के लिए समाजसेवियों ने बढ़ाया हाथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

कौशाम्बी। सिराथू तहसील के केसरिया गांव की एक अनाथ बच्ची की मदद के लिए समाजसेवियों ने आगे बढ़कर हाथ बढ़ाए हैं।उन्होंने बिना मां बाप की बेटी की सम्पूर्ण शिक्षा का दायित्व लिया है। विकास खंड कड़ा के चक मानिकपुर सैय्यदराजेपुर में स्थापित चौधरी दिरगज सिंह इंटर कालेज में पढ़ने वाली कक्षा दस की छात्रा निशा मौर्य की मां कन्या देवी की करीब पांच वर्ष पूर्व एक हादसे में मौत हो गई वही पिता लालचन्द्र का भी करीब चार वर्ष पूर्व हार्ट अटैक के चलते देहांत हो गया।मां–बाप के गुजर जाने के बाद निशा की माली हालत खराब हो गई और उसे पढ़ाई–लिखाई में आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा था। रविवार को विद्यालय में हुए विदाई समारोह के दौरान इस बात की जानकारी समाजसेवी रिचा पांडेय व एडवोकेट रत्नेश विश्वकर्मा को हुई तो उन्होंने निशा की मदद का प्रण लिया।दोनों ने मिलकर निशा की आगे की पढ़ाई–लिखाई का पूरा जिम्मा लिया और तत्काल उसे पठन–पाठन की सामग्री व स्कूल बैग प्रदान किया। इस दौरान निशा की आंखों से आंसू छलक उठे। विद्यालय प्रशासन ने भी निशा की मदद की बात कही। उपस्थित लोगों ने इस पुनीत कार्य की जमकर सराहना की। इस अवसर पर अनूप सिंह, आनन्द गुप्ता, नीरज, अमन आदि लोग उपस्थित रहे।

आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की इलाज के दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। हत्या के मामले में बहराइच जिला कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी की रविवार को मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत एलासापुर अगैया गांव निवासी फैयाज अली (40) मुद्दीन जिला कारागार में निरुद्ध था। वह वर्ष 2015 में हुई हत्या के मामले में जेल में बंद था। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि बंदी को हत्या के मामले में 29 फरवरी 2024 को आजीवन करावास की सजा हुई थी। साथ ही 20 हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया गया था। आजीवन करावास की सजा काट रहे सिद्ध दोष बंदी के सीने में दर्द हुई। जिस पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। रविवार दोपहर में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री एवं प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के पुण्यतिथि पर कटका में एक श्रद्धांजलि सभा कांग्रेस नेता विनय सिंह के अगुवाई में किया गया। जिसमें सभी उपस्थित कांग्रेस जनों ने शरयू नदी में तर्पण करके सामूहिक रूप से सर्वधर्म सद्भाव का प्रार्थना करके तथा साम्प्रदायिक सौहार्द हेतु संकल्प लेकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर कांग्रेस नेता विनय सिंह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी हमेशा शोषित वंचित पीडित दलित एवं पिछड़े कमजोर वर्गों के उत्थान तथा विकास के लिए आजीवन प्रयासरत रहे। वे समाजवादी चिंतक और सामाजिक समरसता व समानता के लिए विश्व विख्यात थे। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकार व सम्मान के लिए महान संघर्ष किया था। कांग्रेस नेता सुरेश ठाकुर ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी का सादा जीवन उच्च संस्कार, संघर्ष अटूट साहस प्रबल इच्छा शक्ति शालीनता उदारवादी सोंच हम सबके लिए अनुकरणीय है। दाण्डी यात्री इन्द्र कुमार यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने बिहार प्रदेश की दशा व दिशा में बदलाव लाकर बिहार में प्रगति व विकास के शिखर पर पहुंचा कर बिहार को सम्पूर्ण विश्व में चर्चित किया था। कार्यक्रम में रामदीन गौतम रियाजुद्दीन गोपाल सिंह अभिषेक वर्मा, अनिमेष पाण्डेय राजेन्द्र सिंह घनश्याम प्रजापति शबीब शेख, रमेश चन्द्र मिश्र विष्णु यादव राम मोहन राजेश गौतम बृजेश पाण्डेय सहित कई लोगों ने कर्पूरी ठाकुर जी को याद किया।

अवैध ढंग से चल रहे निजी अस्पताल, पैथोलाजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर

आरटीआई के खुलासे से उजागर हुई स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली

सुल्तानपुर(एजेंसी)। स्वास्थ्य विभाग के नाक के नीचे शहर में अपंजीकृत निजी अस्पतालों, क्लीनिक, पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटरों की दुकान चल रही है। इस श्रेणी मे कई नामचीन अस्पताल भी शामिल हैं। जो नेता और कथित समाजसेवियों के है। जहां मरीजों का दोहन स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से हो रहा है। आरटीआई के खुलासे से सामने आए तथ्यों ने स्वास्थ्य विभाग और निजी अस्पतालों के गठजोड उजागर किया है।

नर्सिंग होम, पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड सेंटर और प्राइवेट प्रैक्टिस करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में पंजीकरण करवाना होता है। जहां प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद ही कोई नर्सिंग होम आदि का संचालन कर सकता है। अल्ट्रासाउंड सेंटर को प्रत्येक 5 वर्ष में रिन्यूअल करना होता है जबकि अन्य को प्रतिवर्ष रिन्यूअल करवाना होता है। एक अधिवक्ता द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना के जवाब में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय ने जो सूचना उपलब्ध कराई है। उससे शहर की स्वास्थ्य सेवाओं और सीएमओ ऑफिस के कर्मचारियों मिलीभगत पूरी तरह उजागर हो गई है। सीएमओ कार्यालय की ओर से दी गई सूचना में बताया गया है कि शहर में कुल 135 निजी चिकित्सालय, नर्सिंग होम, निजी चिकित्सक और पैथोलॉजी है। इसके अलावा 32 अल्ट्रासाउंड सेंटर है। सूची में सभी पंजीकृत अस्पतालों, पैथोलॉजी निजी चिकित्सकों के नाम और पते भी दिए गए हैं। चौकाने वाली बात यह है कि इस सूची से नामचीन अस्पताल गोमती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का नाम गायब है। इसी तरह सुमन हॉस्पिटल, सुरम्या बाल चिकित्सालय , नवजीवन हॉस्पिटल का नाम भी सीएमओ ऑफिस द्वारा उपलब्ध कराई सूची में नहीं है। उपरोक्त सभी संस्थान कथित समाजसेवियों के बताए जाते हैं। इसके अलावा जिला अस्पताल के सामने कई अपंजीकृत चिकित्सा पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालित हो रहे हैं। जिनमे अपेक्स पैथोलॉजी, महावीर पैथोलॉजी सीपीएल अल्ट्रासाउंड सेंटर, अमन अल्ट्रासाउंड, सूर्या पैथोलॉजी शामिल है। इसी तरह डॉक्टर सना फातिमा,डॉ आरके सिंह, डॉ राधा गुप्ता, डॉक्टर प्रदीप तिवारी समेत कई चिकित्सक बगैर पंजीकरण के प्रैक्टिस कर रहे हैं। शहर के बीचो–बीच ये अपनी दुकान चला रहे। इन अस्पतालों और चिकित्सकों को स्वास्थ्य विभाग का भय नहीं है। इसके पीछे बड़ी वजह यह मानी जा रही है कि सीएमओ ऑफिस के कर्मचारियों के साथ इनका बड़ा गठजोडहै। नेताओं और कथित समाजसेवियों के ऊपर कारवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है ,लेकिन बाकी को क्यों छोड़ बख्सा जा रहा है या हजम करना मुश्किल है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ओम प्रकाश चौधरी का कहना है कि इस संबंधल में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राधावल्लभ ही कुछ बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पास बहुत काम है मैं क्या–क्या करूं डॉ राधावल्लभ नोडल अधिकारी हैं। उन्हें यह स्पष्ट निर्देश है कि अभियान चलाकर अनरजिस्टर्ड संस्थाओं को सील किया जाए। सीएओ कहा कि इस विषय मे डॉ राधाबल्लभ ही ज्यादा जानकारी रखते हैं।

धूमधाम से मनाई गई कर्मयोगी पं. राम किशोर की 14वीं पुण्यतिथि

सुलतानपुर(एजेंसी)। संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर के संस्थापकाध्यक्ष ब्रह्मलीन कर्मयोगी पंडित राम किशोर त्रिपाठी की 14वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम प्रातः पंडित जी की आत्मा की शांति के लिए वैदिक मंत्रों के साथ हवन पूजन किया गया। वैदिक मंत्रों के उच्चारण और अग्निकुंड से निकलते हुए धुएं से महाविद्यालय का प्रांगण सुवासित हो उठा। तत्पश्चात पंडित जी की प्रतिमा पर महाविद्यालय परिवार और अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के अगले चरण में संगीत की प्रस्तुति दी गई। संगीत के छात्र–छात्राओं ने वाद्य यंत्रों पर पंडित जी के पसंदीदा भजन और देश प्रेम के गीत प्रस्तुत किये। डॉ करुणेश प्रकाश भट्ट ने पंडित जी को समर्पित स्मृति गीत सुनाया और साहित्यकार अब्दुल मन्नान ने अपनी खूबसूरत गजलें प्रस्तुत कर कार्यक्रम में शमा बांधा। कार्यक्रम के तीसरे चरण में पंडित जी की स्मृति में विचार गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विद्वानों ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय ने कहा कि पंडित जी का सर्वस्व जीवन संत तुलसीदास महाविद्यालय की सेवा के लिए समर्पित रहा। अभाव में भी प्रभाव छोड़ने वाले पंडित जी का जीवन दर्शन हम सबके लिए बहुत मूल्यवान है। उप प्रबंधक डॉ अरविंद चतुर्वेदी ने कहा कि पंडित जी का समग्र जीवन त्याग और साधना का प्रतीक है। उनके विचार हमारे लिए सदैव प्रेरणास्पद रहेंगे। प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी ने कहा की पंडित जी सद्गुणों के विशाल पुंज थे । त्याग साहस और संघर्ष उनके जीवन का अनमोल धन है। शिक्षा के प्रति उनके मन में सदैव समर्पण का भाव रहा है। विचार गोष्ठी को प्रमोद मिश्र, अब्दुल हमीद और प्राचार्य प्रो आर एन सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में पंडित राम किशोर त्रिपाठी स्मृति वार्षिक प्रतियोगिता के विजेता पुरुष और महिला खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही महाविद्यालय के उत्कृष्ट अंक पाने वाले कुछ मेधावी छात्र–छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सतीश सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ अब्दुल रशीद, पूर्व अध्यक्ष मुन्ना सिंह, समाजसेवी जितेंद्र सिंह, पूर्व प्रो.डॉ ओंकारनाथ द्विवेदी, डॉ आदित्य नारायण त्रिपाठी, डॉ सुशील कुमार पांडेय, सतीश शुक्ल, डॉ जितेंद्र कुमार तिवारी, डॉ एम एम सिंह, डॉ एस बी सिंह, पत्रकार पं केशव प्रसाद मिश्र, गैरव त्रिपाठी, डॉ दीपा मिश्रा डॉ रविंद्र मिश्रा, डॉ अशोक कुमार पांडेय, राकेशेश्वर मालवीय, डॉ सुरेंद्र तिवारी, दीपक तिवारी, संजय मिश्र समेत महाविद्यालय परिवार और अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

दो महिलाओ की आपसी कहासुनी ने किया सेक्स रैकेट का पर्दाफाश

सुल्तानपुर(एजेंसी)। जिले में जिस्म–फरोशी का धंधा तेजी से बढ़ रहा है। आये दिन इसका भड़फोड़ भी होता रहता है। वर्षों से कलेक्ट्रेट के सामने चल रहे सेक्स रैकेट का पर्दाफाश शनिवार को उस वक्त हो गया जब दो महिलाओं का विवाद सड़क पर आ गया। पुलिस पहुंची और काफी देर तक हंगामा चला, हालांकि देह व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

जानकारी के अनुसार कलक्ट्रेट के सामने एक टायर की दुकान के बगल एक कमरा है, जिसमें एक पर्दा लगा रहता है। इसी पर्दे के पीछे बड़ा सा हाल है, जहां देह व्यापार का धंधा चलता है। शनिवार को एक ग्राहक से दो महिलायें मोल भाव कर रहीं थी। ग्राहक को अपने पाले में करने के चक्कर में दोनों महिलाएं आपस में भिड़ गई। मारपीट होने लगी। माहौल भाँप ग्राहक पुरुष पीछे के रास्ते से छलांग मारकर भाग निकला। इसके बाद कमरा मालिक बुजुर्ग ने हस्तक्षेप किया। सलवार सूट में एक दो बच्चों की माँ ने पुलिस को फोन कर दिया और सड़क पर आकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस के पहुँचने पर एक दूधमुंहे बच्चे को गोद में लेकर दूसरी महिला बाहर निकली। करीब आधे घंटे तक पुलिस की मौजूदगी में हंगामा हुआ।

शहर में कई स्थानों पर चल रहा है देह व्यापार

शहर के करीब दर्जन भर स्थानों पर देह व्यापार का धंधा चल रहा है। कलेक्ट्रेट के सामने के अलावा पल्टनबाजार, करौदिया, आवास विकास, पयागीपुर, शास्त्रीनगर समेत अन्य स्थानों पर खुलेआम देह व्यापार चल रहा है। सूत्र बतातें हैं कि, यहां पर एजेंटों की जरिए बाहर से महिलाएं और युवतियों को लाकर इस धंधे से धकेला जा रहा है। प्रत्येक ग्राहक से 1000–2000 रुपयों तक की कमाई की जाती है। इस धंधे के कर्ताधर्ता ऐसे कमरों की तलाश करते हैं, जहां पर मकान मालिक और किरायेदार नहीं होते हैं। दो से तीन महीने में कमरे भी बदलते रहते हैं।

भाकियू ने किया गन्ना मूल्य 500 रूपया प्रति क्विंटल करने की मांग

बस्ती(एजेंसी)। रविवार को भारतीय किसान यूनियन की बैठक लोहिया मार्केट परिसर में जिलाध्यक्ष गौरीशंकर चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में किसान समस्याओं पर व्यापक विचार विमर्श के साथ ही अधिकारों के लिये संघर्ष की रूप रेखा पर विचार किया गया।

भाकियू के पूर्वान्चल अध्यक्ष अनूप कुमार चौधरी, प्रदेश सचिव दिवान चन्द पटेल, पूर्वान्चल उपाध्यक्ष शोभाराम ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार चौधरी, मण्डल उपाध्यक्ष जयराम चौधरी आदि ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकार किसान हितों के प्रति गंभीर नहीं है। वक्ताओं ने मांग किया कि गन्ने का मूल्य 500 रूपया प्रति क्विंटल करने के साथ ही फसल सुरक्षा के लिये जंगली और जानवरों पर रोक लगाया जाय।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, जाफा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलीक अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/- में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/- में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

बार के सहयोग से वरदान सेवा ट्रस्ट ने लगवाया शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

सहारनपुर। दुनिया का जीवन यही सबक देता है वास्तव में कुदरत का हमको दिया गया जीवन एक दूसरे को सहयोग देने और एक दूसरे के साथ अच्छा सलूक करने का परीक्षा केंद्र है हम जो भी अच्छा काम करते हैं खुदा हम को उसका अच्छा फल जरूर देता है रक्तदान भी एक अच्छा कदम है हम सभी को रक्त दान करते रहना चाहिए यह कार्य कुदरत को भी पसंद है। खून दान करके हम एक दूसरे की जान बचा सकते हैं। यह सबसे अच्छा ओर सराहनीय कार्य है। इसी अच्छे मकसद से आज वरदान सेवा ट्रस्ट एवं सहारनपुर अधिवक्ता बार एसोसिएशन (पंजी.) द्वारा संयुक्त रूप से महा रक्तदान शिविर का आयोजन सिविल कोर्ट कंपाउंड में किया गया जिसमें सैकड़ों अधिवक्ताओं ने शिरकत करते हुए स्वेच्छा से खून दान किया। इस रक्तदान शिविर में सहारनपुर अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. अभय कुमार सैनी, एड. राजीव कुमार गुप्ता, एड. निशांत त्यागी, सीनियर एड. ठाकुर विशंभर सिंह, एड. मुनव्वर खान, एड.जमाल साबरी, सीनियर एड.राशिद जमील एड. मुनव्वर आफताब, एड. अजय भारद्वाज, वरिष्ठ एड. अरविन्द शर्मा, एड. मुकेश शर्मा, एड.श्रवण कुमार शर्मा मौजूद रहे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिहींपुरवा, बहराइच। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के ग्राम परवानीगौढ़ी गांव मे पशुपालन विभाग की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। पशु चिकित्साधिकारी मिहींपुरवा जेपी वर्मा ने मेले में उपस्थित ग्रामीणो को पशुओं में होने वाली बीमारियों और उनके बचाव के संबंध मे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना के तहत गौशाला से अधिकतम चार पशु लेकर प्रति पशु 1500 रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्राप्त की जा सकती है। मेले के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा 135 बड़े पशुओं और 387 छोटे पशुओं को कीड़े की दवा, मिनरल मिक्सर और अन्य आवश्यक दवाएं मुत में वितरित की गई। पशु चिकित्सा एंबुलेंस सेवा के अधिकारी डॉ. जय प्रकाश मौर्य ने पशुओं को कीड़ों से बचाने के लिए नियमित रूप से कीड़े की दवा देने की सलाह दी। वहीं पशुधन प्रसार अधिकारी संतोष चौहान ने .त्रिम गर्भाधान से उन्नत नस्ल की बछिया प्राप्त करने के लाभों के बारे में बताया। इस मौके पर पशुधन प्रसार अधिकारी मनोहर लाल ने कहा कि नर पशुओं का समय पर बध्याकरण (नसबंदी) करवाने से उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि होती है और वे अधिक उपयोगी बनते हैं। इस अवसर पर पैरावेट सुनील कुमार, संदीप कुमार, सुग्रीव कुमार, विद्या प्रकाश, नंद कुमार और ओमकार सहित कई अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 241 मरीजों का परीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। न्यू लाइफ हेल्थ केयर हॉस्पिटल बाह अड्डा एवं जॉइंट्स वेलफेयर फाउंडेशन, जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली के संयुक्त तद्भावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रिजवान अहमद पूर्व प्रशासनिक अधिकारी स्वास्थ्य विभाग एवं कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रवक्ता इकरार अहमद रहे।

जॉइंट्स फेडरेशन ऑफ सहेली कमलेश शर्मा डायरेक्टर, हेनू वर्मा बीओए, संजू चौधरी, संगीता अग्रवाल फेडरेशन अधिकारी आदि का विशेष योगदान रहा। शिविर में डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, गर्भावस्था, रसौली, हार्निया, अपेंडिक्स, पथरी, हाइड्रोसील, भगंदर, बवासीर, गठियाबाय, डेंगू, मलेरिया व सामान्य बीमारियों की जांच की गई। जांच शिविर में डॉक्टर वसीम अहमद बबलू डॉक्टर एसएस गुप्ता, डॉक्टर अब्दुल्लाह, डॉक्टर तौसीफ ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और निशुल्क दवा वितरण की। मैनेजिंग डायरेक्टर उर्वशी द्विवेदी ने बताया कि शिविर में 241 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा नगर मंत्री मोहम्मद उवैस, मोहम्मद साजिद सहित स्टाफ के प्रतीक्षा, बिलाल, रिजवान का सहयोग रहा।

निःशुल्क लोटस चिकित्सा वैन का शास्त्री चौराहे पर होगा शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाजसेवी रामशरण गुप्ता के प्रयास से एक बार फिर निशुल्क लोटस चिकित्सा वैन शास्त्री चौराहे पर शुभारंभ होगा। विधायक सदर सरिता भदोरिया शुभारंभ करेंगी। वरिष्ठ समाजसेवी रामशरण गुप्ता के प्रयास से एक बार फिर लोटस चिकित्सा वैन सभी चिकित्सा संबंधित उपकरणों के साथ कोलकाता के कुशल चिकित्सकों द्वारा शहर के विभिन्न जगह पर निशुल्क जांच व चिकित्सा परामर्श किया जाएगा। वहीं समाजसेवी रामशरण गुप्ता ने बताया कि पिछले वर्ष चिकित्सा वैन जनपद को एक महीने के लिए उपलब्ध कराई गई थी। सोमवार को शास्त्री चौराहे पर प्रातः 11 बजे सदर विधायक सरिता भदौरिया द्वारा चिकित्सा वैन का उद्घाटन किया जाएगा। जनपद वासियों से अपील है की अधिक संख्या में निशुल्क जांच कर कर चिकित्सीय परामर्श अवश्य लें।

शोक सभा कर दी गई श्रद्धांजलि

सोनभद्र(एजेंसी)। राष्ट्रीय संचेतना समिति के तत्वावधान में कचहरी बार सभागार में शनिवार को शाम देश के जाने माने साहित्यकार डा0रवीन्द्र श्रीवास्तव जुगानी भाई गोरखपुर जो भोजपुरी के ध्वज वाहक रचनाकार थे और लगभग डेढ़ दर्जन पुस्तकों के रचयिता थे उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वरिष्ठ साहित्यकार अजयशेखर निदेशक मधुरिमा साहित्य गोष्ठी सोनभद्र की अध्यक्षता में संपन्न शोक सभा में दो मिनट मौन रहकर आत्मा के शांति की कामना हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश पंथी ने उनके स्मृतियों को सांझा करते हुए भाव विभोर होकर कहा कि जुगानी भाई हम लोगों के पथ प्रदर्शक थे और लोकभाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए जीवन भर संघर्ष रत रहे। उल्लेखनीय है कि चौदह फरवरी शुक्रवार को गोरखपुर में तिरासी वर्ष की उम्र में लंबी बीमारी से निधन हो गया था। वे आकाशवाणी गोरखपुर के कार्यक्रम अधिशासी के रूप में सेवानिवृत्त रहे। लोकभाषा के लिए उल्लेख नीर योगदान देने वाले तीन मनीषियों इलाहाबाद से कैलाश गौतम वाराणसी से हरी राम द्विवेदी हरी भैया एवं गोरखपुर से जुगानी भाई का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है। इस अवसर पर रामनाथ शिवेंद्र, प्रदुम्न त्रिपाठी, धर्मेश चौहान, दिलीप सिंह, दीपक, अशोक तिवारी, जगदीश पंथी, जयराम सोनी, दयानंद दयालू, प्रभात सिंह चंदेल, कौशल्या कुमारी चौहान, कवयित्री अनुपमा वाणी, ईश्वर विरागी, अब्दुल हई, मदन चौबे, अजय चतुर्वेदी काका, बृजमोहन त्रिपाठी, दिवाकर द्विवेदी मेघ आदि रहे। बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष अरुण मिश्रा नरेंद्र पाठक एडवोकेट अखिलेश कुमार मिश्र महामंत्री चंद्र लेखा सिंह ने भी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया।

बारहवीं के छात्रों का हुआ विदाई समारोह

सोनभद्र(एजेंसी)। प्रकाश जीनियस पब्लिक इंग्लिश स्कूल में शनिवार को 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को तिलक और बैच लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कुछ खेल करा कर छात्रों का मनोरंजन किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजेंद्र प्रसाद जैन ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामना देते हुए कहा कि जीवन में काफी कठिनाइयां आएंगी लेकिन छात्रों में यदि लगन और आत्मविश्वास बना रहे तो सफलता निश्चित है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, ईमानदारी और परिश्रम के साथ आगे बढ़ना चाहिए जिससे देश की उन्नति में आप अपना योगदान दे सकें। विद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष कुमार पांडे ने कहा की यह समय स्कूली जीवन को अलविदा कहने का नहीं बल्कि इस याद को आजीवन संजोए रखने का है। यहां सीखे गए मूल्य, प्राप्त कौशल और प्राप्त अनुभव आपके उज्जवल भविष्य हेतु मार्गदर्शन करेंगे। इस मौके पर मिस फेयरवेल स्वाति और मिस्टर फेयरवेल आकाश देव पांडे रहे तथा उन्हें सम्मानित किया गया। इसके पश्चात सभी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अंबर उपाध्याय, उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र यादव शिक्षक मनोज दुबे, अपर्णा श्रीवास्तव, अनुपम पांडे, राहुल मिश्रा, सुनील गुप्ता आदि शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जन मानस के शिकायतों के निस्तारण हेतु जिले के चारों तहसीलों में आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस

0 प्रधानमंत्री आवास के सर्वे के कार्य में तेजी लाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को दिये निर्देश
0 राबर्ट्सगंज में 17, घोरावल में 10, ओबरा में 4 एवं दुद्धी में 1 मामले का हुआ निस्तारण

सोनभद्र(एजेंसी)। सरकार के दिशा निर्देश पर जिले की चारों तहसीलों में ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन फरवरी महीने के तीसरे शनिवार को किया गया। तहसील राबर्ट्सगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को बड़े ही सरलभाव से सुना और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारयों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाना है। सम्बन्धित अधिकारी अपने–अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। ऐसे मामले जो मौके पर जाकर निस्तारण किया जाना है, दोनों पक्षों के समक्ष वार्ता कर प्रकरण का निष्पक्ष तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। कार्यालय में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने–अपने अधीनस्थों को अवगत करा दें कि किसी

प्रकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जायें।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास के सर्वे कार्य में लगे सम्बनिधत अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहाकि जल्द से जल्द आवास के सर्वे के कार्य को पूरा किया जाये, जिससे पात्रों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास के सर्वे कार्य को पूरा करने हेतु सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए सर्वे कार्य के प्रगति में तेजी लाया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार आदि ने 97 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 15 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 17 मामले निस्तारित हुए, बाकी 80 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये हैं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित विभाग द्वारा अपने–अपने विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना से सम्बन्धित कैम्प लगाकर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करें। सम्बन्धित विभाग अपने स्तर से जैसे पेंशन बनाने, आयुष्यमान कार्ड बनाने, दिव्यांग प्रमाण–पत्र बनाने आदि योजनाओं का प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें, जिससे सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर सम्बन्धित तहसीलों में सम्बन्धित विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा सके। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0अश्वनी कुमार सिंह, नायब तहसीलदार, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

इसी प्रकार से तहसील घोरावल में अपर जिलाधिकारी(वि0ध्रा0) सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी(वि0ध्रा0) ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनते हुए निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(वि0ध्रा0) ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये। जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0), तहसीलदार घोरावल नटवर सिंह, सीओ घोरावल आदि ने 102 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 10 मामलें निस्तारित किये और 05 टीम को क्षेत्र में भेजकर 05 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार कुल 15 शिकायतों का निस्तारण किया गया। बाकी 87 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इसी तरह से तहसील ओबरा में तहसीलदार ओबरा सुशील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस मौके पर तहसीलदार व सी0ओ0 ओबरा आदि ने 46 शिकायतें सुनते हुए ,मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार कुल 06 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, बाकी 40 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में तहसील दुद्धी में उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस मौके पर उप जिलाधिकारी दुद्धी व तहसीलदार दुद्धी श्री ज्ञानेन्द्र यादव आदि ने 27 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 01 मामलें निस्तारित किया गया। बाकी 26 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

माकू यूनियन दिलायेगा मजदूरों को हक

'दर्जनों महिला मजदूरों ने डीएम को लिखा पत्र मजदूर नेता को सौंपा

मीरजापुर(एजेंसी)। तहसील सदर के विजयपुर ब्लॉक के काशी सरपत्ती गॉव में मनरेगा मजदूरों की मांग पर माकू यूनियन और मनरेगा मजदूरों की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें दर्जनों की संख्या में महिला मनरेगा मजदूरों ने भाग लिया।महिला मजदूरों ने अपने मजदूर नेता से लेबर कार्ड न बनने के कारण श्रम विभाग द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने की बात कहते हुए मांग किया कि गॉव में ही लेबर कार्ड बनाने के लिए कैम्प का आयोजन किया जाय। जिसके लिए महिला मजदूरों जिलाधिकारी के नाम लिखे पत्र को अपने मजदूर नेता को सौंप कहा कि यूनियन इसे जिला प्रशासन तक पहुँचाये। बैठक में महिला मजदूरों ने बताया कि जानकारी न होने के कारण गॉव के लोगो को श्रम विभाग के योजनाओं का लाभ नही मिलता है। जिसपर मजदूर नेता व माकू महामंत्री मंगल तिवारी ने आश्वस्त किया कि आपका सभी का पत्र जिलाधिकारी महोदया मिर्जापुर तक पहुँचाकर आपकी मांग रखी जायेगी। गांव में ही लेबर कार्ड बने इसके लिए वह स्वयं प्रयास करेगें। यूनियन द्वारा जिला प्रशासन को पत्र भेजकर कैम्प के लिए निवेदन किया जाएगा और यह प्रयास किया जाएगा कि मंडल के हर एक गॉव की महिला मजदूरों के लिए उनके ही ग्राम पंचायत में कैम्प लगाकर श्रम पंजीयन कराया जाय। मजदूर नेता ने योजना के बारे में बताते हुए कहा कि जिन निर्माण श्रमिकों की मृत्यु दो वर्ष के अंदर हुई है चाहे वह किसी प्रकार की हो उनके परिजन या आश्रितों को मृत्यु विकलांगता सहायता योजना का लाभ तथा जिन निर्माण श्रमिकों महिला या पुरुष के घर दो वर्ष के अंदर किसी बच्चे का जन्म हुआ है और उनका लेबर कार्ड बना है तो उनको भी लाभ मिलेगा। कहा कि यदि किसी मजदूर के बिटिया की शादी हुई है या हाल ही में होना है तो विवाह उपरांत नियमानुसार कागजात तैयार कर सीएससी से ऑन लाईन आवेदन कर एक प्रति यूनियन कार्यालय में जमा करा देवें जिससें यूनियन आगे की कार्यवाही अपना सके और श्रमिक को सीघ्रता से लाभ मिले। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि यदि आपका आवेदन यूनियन कार्यालय में आता है तो माकू यूनियन उसपर नियमानुसार कार्यवाही अपनाकर उसकी निगरानी करते हुए श्रम योजनाओं का शत् प्रतिशत लाभ दिलाएगा। कहा कि आप सभी को श्रम विभाग की योजना का शत प्रतिशत लाभ मिले इसके लिए माकू कार्यालय में आयें। और सदस्यता लें। मनरेगा मजदूरी न मिलने तथा मजदूरी बढ़ाने को लेकर कहा कि यदि आप लोग चाहेंगे तो मजदूरी बढ़ाने और बकाया मनरेगा मजदूरी के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा। बैठक में मौजूद ग्राम प्रधान संजू देवी के पति सतीश निषाद ने कहा कि गांव का प्रत्येक व्यक्ति सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से वंचित न रहे इसके लिए ग्राम पंचायत काशी सरपत्ती, सदैव तत्पर है, इसी क्रम में आज हमारे बीच मजदूर नेता आएं हैं। कार्यकारिणी सदस्य सुरेश कुमार शर्मा ने कहा आप सभी लोग जिन्होंने अब तक यूनियन की सदस्यता नही ली है वे यथाशीघ्र नियमानुसार शुल्क अदा कर यूनियन की सदस्यता ग्रहण करें जिससे मिर्जापुर असंगठित कामगार यूनियन आपके अधिकार व सुरक्षा की लड़ाई लड़ सके। ज्ञात हो कि इसके पूर्व गॉव में लेबर कार्ड बनाने को लेकर जिलाधिकारी मिर्जापुर के नाम पत्र लिखकर गॉव की महिला मजदूरों ने प्रदर्शन किया था। कार्यकारिणी सदस्य अनीता गौतम ने कहा कि आप सभी मजदूर माताएं–बहने, व भाई श्रम विभाग से योजना का लाभ पाने के लिए अपना–अपना श्रम पंजीयन कराएं तथा यूनियन की सदस्यता लें। हीरावती, नीलम, उषा देवी, कर्मावती देवी, मोनिका देवी, संजू देवी, रीता, गायत्री, सरोजा देवी, बर्फी देवी, नेबुला देवी, सावित्री देवी, प्रमिला देवी, उर्मिला देवी, छोहाड़ा देवी, मुन्नी देवी, सुनीता, केवला देवी, फुलगेना, मुंझरी देवी, राजकुमारी, धर्मशिला, लालती देवी, सुशीला देवी, शिवरानी, सुरजी देवी, श्याम कुमारी, रीता देवी, वंदना, कविता देवी, हेमा, बिंदु देवी,सुशीला, श्यामकुमारी, विमला, नीतू, रेखा देवी, राम सागर, शिव सागर, क्रांति कुमार आदि रहें।

हादसा:दर्शनार्थियों से भरी बोलेरो ब्रेजा कार की हुई टक्कर दर्जनों, घायल कई की हालत गंभीर

मीरजापुर(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर–प्रयागराज मार्ग पर शनिवार को दोपहर बाद दर्शनार्थियों से भरे वाहनों के आपस में टकरा जाने से कई लोग घायल हो गए हैं। इनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें स्थानिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। घायलों में कई महिलाएं भी शामिल हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई थी। जानकारी के मुताबिक विंध्याचल थाना क्षेत्र के महोखर गांव के सामने महाकुंभ से तेलंगाना के लिए वापस लौट रही ब्रेजा कार व झारखंड से विंध्याचल देवी धाम में दर्शन पूजन के पश्चात महाकुंभ के लिए जा रही बुलोरो की सीधी टक्कर में 14 तीर्थ यात्री घायल हो गएं। जिसमे 7 को गम्भीर चोटे आई है। बताते चलें कि शनिवार को दोपहर में प्रयागराज से मिर्जापुर की ओर जा रही ब्रेजा कार ओवरटेक कर प्रयागराज की ओर जा रही बुलोरो में टक्कर मार दी, जिससे बोलोरो सवार झारखंड के गिरीडीह जनपद के गृहणी निवासी गणेश राना (42), उषा उर्फ खुशबू (35), रेखा (42), पुदीना देवी (50), बालादास (22), पुनम (18), ज्योती (42), भार्गव (23), टूना (30), बबलू (35) तथा ब्रेजाकार सवार तेलंगाना के वासवी (45), विंकटेश रेड्डी (45) अमिका देवी (40) घायल हो गई। ब्रेजा कर में सवार कुछ घायलों की माने तो ब्रेजा कार का एयरबैग फटने से उसमे बैठे लोग कम घायल हुए, वरना घायलों की संख्या और बढ़ जाती। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे गैपुरा चौकी पुलिस के जवानों ने सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर भिजवाया जहां पर डाक्टर रत्नाकर मिश्र व डाक्टर पुनीत अग्रवाल द्वारा इलाज किया गया तथा गम्भीर रूप से घायल बोलोरो सवार गणेश राना, रेखा देवी, ज्योती, भार्गव, टूनादेवी तथा ब्रेजा कार सवार विंकटेश रेड्डी को मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया है। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अमित कुमार प्रजापति, चौकी प्रभारी आनंद शंकर सिंह व यातायात प्रभारी ने क्षतिग्रस्त वाहनों को गैपुरा चौकी खड़ी कराया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि एक तरफ पटरी तक रेलवे का स्लीपर रखे जाने व ओवरटेक के चक्कर में घटना हुई है घायलों को अस्पताल भेजा गया है। मिर्जापुर ट्रामा सेंटर से भार्गव रेड्डी, अमीगना तथा टुन्ना देवी को हालत गंभीर देख वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। मंडलीय अस्पताल स्थित ट्रामा सेंटर के इमरजेंसी वार्ड में एक तरफ जहां कई गंभीर घायलों का उपचार चल रहा था तो वही बगल से उठने वाली दुर्गंध के मारे चिकित्सकों से लेकर मौके पर मौजूद तीमारदारों का बुराहाल हो रहा था। वजह रहा है ट्रामा सेंटर स्थित शौचालय से उठने वाली दुर्गंध आलम यह रहा कि लोगों का सांस लेना भी कठिन हो गया था। कुछ देर पहले ओवरफ्लो के चलते पूरी गंदगी शौचालय से बाहर आकर पूरे वार्ड में फैल उठी थी जिसे साफ कराया गया था, लेकिन समुचित ढंग से साफ सफाई न होने के कारण शौचालय वोवरफ्लो होकर गंदगी के साथ बाहर फैल गया था। मजे की बात है कि विंध्याचल थाना क्षेत्र में मिर्जापुर प्रयागराज मार्ग पर बोलोरो और ब्रेजाकार की टक्कर में घायल लोगों को उसी दरम्यान ट्रामा सेंटर लाया गया था जहां काफी संख्या में उनके परिजनों के अलावा अन्य लोग भी मौजूद रहे है बावजूद इसके शौचालय की गंदगी को साफ कराएं जाने की जहमत नहीं उठाई गई। उठ रही भीषण दुर्गंध से बेहाल होकर आखिरकार शौचालय में ताला बंद करवाना पड़ा है। ट्रामा सेंटर के स्वास्थ्य कर्मियों की माने तो यह समस्या अक्सर बनी होने से उन्हें रोज–रोज दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इस संदर्भ में कई बार संबंधित लोगों को अवगत भी कराया जा चुका है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान न दिए जाने से स्थिति बिगड़ी ही जा रही है।

तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का समापन

सोनभद्र(एजेंसी)। नगर स्थित संत जेवियर्स विद्यालय में शनिवार तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन प्रधानाचार्य आल्बर्ट प्रवीण लोबो द्वारा किया गया। गुरुवार को प्रातःकाल स्काउट–गाइड प्रवेश कोर्स का प्रशिक्षण हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ स्काउट ध्वजोत्तोलन प्रार्थना–गीत एवं झण्डा–गीत के साथ हुआ। तीन दिनों तक स्काउट प्रशिक्षक शुभम कुमार सोनी एवं सहयोगी सहायक प्रशिक्षक कन्हैया लाल ने स्काउट–गाइड के नियम, प्रतिज्ञा, गांठ इत्यादि की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को प्रवेश कोर्स का प्रशिक्षण दिया। तीसरे दिन शनिवार को स्काउट–गाइड को विभिन्न टोलियों में बाँटकर उनके मध्य विविध प्रतियोगिताओं यथा शिविर निर्माण, पाक कला, गाँठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि का आयोजन हुआ। जिसका प्रधानाचार्य आल्बर्ट प्रवीण लोबो ने अपने सहयोगियों के साथ निरीक्षण कर उनका मूल्यांकन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त टोलियों को पुरस्कृत किया। सर्वश्रेष्ठ स्काउट नीतेश घर द्विवेदी एवं सर्वश्रेष्ण गाइड जरीन फातिमा को भी पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज के परिवेश में स्काउट–गाइड के महत्व को समझना और उसके कर्तव्यों का निर्वहन करना अति आवश्यक है। सच्चा स्काउट वही है जो परिस्थिति विशेष में स्वयं को ढाल ले तथा सदैव दूसरों की सहायता करने के लिए तत्पर रहे। इसलिए इस प्रशिक्षण के बाद आप सभी अपने अन्दर एक–दूसरे का सहयोग करने की भावना का विकास अवश्य करें। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विद्यालय के स्काउटर जगदम्बा प्रसाद की देखरेख में सम्पन्न हुआ। स्काउट ध्वज उत्तार कर प्रशिक्षण शिविर के समापन की घोषणा प्रधानाचार्य द्वारा की गयी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सि. सुनीता टोप्पो, शिक्षक राकेश द्विवेदी, शिवनाथ सिंह, आशुतोष पाठक, जगदम्बा प्रसाद, गाइटर उर्मिला यादव शिक्षिका शकिला जैदी, सि. फिरका बरला, सि. अर्चना वास्तराय सहित विद्यार्थी, अभिभावक व विद्यालय के समस्त शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मी और तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मिनी लोक अदालत का किया गया आयोजन

मीरजापुर(एजेंसी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में चुनार तहसील परिसर में मिनी लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायिक अधिकारियों ने वादकारियों की वादों का निस्तारण किया। इस दौरान वादकारियों की भारी भीड़ रही।लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश अरविंद कुमार मिश्रा, अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनय आर्या, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर मुख्य न्ययायिक मजिस्ट्रेट प्रथम पल्लवी सिंह, तहसीलदार चुनार ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

स्नेहा को मिले इंसाफ, निकाला कैंडल मार्च

कुशीनगर, वाराणसी के गर्ल्स हॉस्टल में सासाराम की स्नेहा की मौत के बाद क्षेत्र में उबाल आ गया है। परिजनों के साथ ही आम लोगों को भी पुलिस की थ्योरी गले नहीं उतर रही है । स्नेहा की मौत के बाद कुशीनगर जनपद के लोगों में आक्रोश है। आज सांय नगर में विभिन्न धर्मों के लोगों ने मिलकर कैंडल मार्च निकाला और स्नेहा को इंसाफ दिलाने की मांग की इसी क्रम में पडरौना कोतवाली स्थित जूनियर हाईस्कूल परिसर से सुभाष चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया जो कठकुईयां मोड़ स्थित अंबेडकर मुर्ति के समक्ष समापन किया गया। एजेपी के जिलाध्यक्ष रामेश्वर कुशवाहा के नेतृत्व में कैंडल मार्च में शामिल विशुनपुरा ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख विक्रमा यादव, विजय प्रताप कुशवाहा, जनार्दन कुशवाहा, बेचू खां, अनिल कुशवाहा, संज्जन गुप्ता, लाल बच्चन कुशवाहा, दुनानाथ कुशवाहा, उदय कुशवाहा, दिनेश चौधरी, बबलू कुशवाहा, महेन्द्र कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, श्रीनरायण कुशवाहा,रंजन कुशवाहा, मुन्ना कुशवाहा, उदघ्य कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, लालबहादुर कुशवाहा, अमित कुशवाहा, रामप्रताप कुशवाहा आदि लोगों ने मांग किया कि स्नेहा को इंसाफ मिलना चाहिए। पूरे घटनाक्रम की विशेष जांच होनी चाहिये और मामले में दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए । जिससे पीड़ितों को त्वरित इंसाफ मिल सके।

शिविर में 600 मरीजों का हुआ निशुल्क उपचार

कुशीनगर,। जनपद के मोतीचक विकास खंड के ग्राम पंचायत बेदूपार में रविवार को स्व. संतराज सिंह जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रकार के मरीजों का जांच कर परामर्श दिया गया। इस मौके पर करीब छः सौ मरीजों को निशुल्क जांचकर दवा वितरण किया गया। किसान नेता, पूर्व प्रत्याशी अवधेश सिंह के नेतृत्व में श्रीनिका हॉस्पिटल एवं केंसर केयर इंस्टीट्यूट एवं जबर सिंह मेमोरियल हेल्थ केयर फाउंडेशन गोरखपुर द्वारा बेदूपार में निशुल्क शिविर लगाया गया। जिसमें विशेषज्ञ डॉ संदीप कुमार व डॉक्टर बंदना सिंह, डॉ श्वेतांक मल्ल, डॉ नवीन कुमार सिंह की टीम ने विभिन्न प्रकार के मरीजों का उपचार किया एवं निःशुल्क दवा वितरण करने के साथ परामर्श दिया। इस मौके पर 600 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इस दौरान प्रदीप कुमार, अनिमा, सलोनी, इजहार, नितेश, राहुल, भोलेनाथ, अमन, कमलेश ओझा, सुरेंद्र सिंह, भास्कर सिंह, रविन्द्र शाही, मजीद अंसारी, दिनेश सहनी, नरेश सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

तैराकी कोच अविनाश कुमार नई दिल्ली में हुए सम्मानित

कुशीनगर, 16 फरवरी (आरएनएस)। जनपद के सुकरौली विकास खंड के ग्राम पंचायत पिपरा उर्फ तितला निवासी अविनाश कुमार शर्मा पुत्र राज बंधन शर्मा कोच कैप्टन एम पी सिंह स्पोर्ट्स ट्रस्ट द्वारा बीते दिनो सर्वोदय विद्यालय नई दिल्ली में देश का बेस्ट शारिरिक शिक्षा टीचर से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में जादूगर मेजर ध्यानचंद के पुत्र ओलम्पियन और अर्जुन अवार्डी अशोक ध्यानचंद एवं अर्जुन अवार्डी सरदार सूचा सिंह द्वारा शारीरिक शिक्षक एवं तैराकी कोच की उपाधि से सम्मानित किया। अविनाश कुमार शर्मा वर्तमान समय में इंदिरा पुरम पब्लिक स्कूल तुकौली नवाबगंज अयोध्या मे तैराकी प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण दे रहे है। इनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय ने भी सम्मानित किया। सूचना मिलते हीं गांव व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड गई। सूचना मिलते ही अविनाश के घर पहुंच पिता राजबंधन शर्मा को क्षेत्रीय सांसद विजय कुमार दुबे , विधायक मोहन वर्मा, सुकरौली नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप और नेहरू इंटर कॉलेज के प्रबंधक विवेक सिंह उर्फ बंटी भैया एवं सुकरौली के गणमान्य लोगो ने बधाईया दी है। इस दौरान सुभाष सिंह ,पप्पु गुप्ता, दिनेश सिंह, डॉ रवीश कुमार सिंह, विशाल शर्मा, सुभाष शर्मा, अजय सिंह ,उपेंद्र शर्मा, जितेंद्र यादव, राजू शर्मा, अभिषेक यादव व अन्य मित्रगण शामिल रहे।

डिबाए के पदाधिकारियों एव सदस्यों को दिलाई गई शपथ

सोनभद्र(एजेंसी)। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि पांचूराम मौर्य पूर्व चेयरमैन बार काउंसिल उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ठ अतिथि पूर्व अध्यक्षध्सदस्य बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश हरिशंकर सिंह व विनोद कुमार पांडेय सदस्य बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश ने भारत रत्न बाबा साहेब डा0भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इसके उपरान्त वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियो का बैच, मोमेंटो, अंगवस्त्रम् व माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश ने डिस्ट्रिक्ट वार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगजीवन सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके उपरांत हरिशंकर सिंह विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश ने बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य अन्य पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई एवं विनोद कुमार पांडेय सदस्य बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार यादव, राजेश कुमार मौर्य के निर्वाचन में लगे निर्वाचन अधिकारीयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अंत में बार एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव ने वहां मौजूद सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए अग्रिम शुभकामनाएं दी। अतिथि के तौर पर समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन राजेश कुमार मौर्य ने किया। इस अवसर पर रोशन लाल यादव एड, राजबहादुर सिंह एड, हीरालाल पटेल, राजेश कुमार सिंह एड, रामजियावान सिंह, रियाजुदीन खान एड, राजनाथ सिंह, आकृति निर्भया, सरस्वती देवी, गीता गौर, आभा मौर्य, सुमन, पुष्पा तिग्गा, अभिषेक सिंह, सुरेश कुशवाहा, राजेश यादव अशोक कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षा की तिथि निधारित

सोनभद्र(एजेंसी)। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सोनभद्र सुधांशु शेखर शर्मा ने अवगत कराया है कि रजिस्ट्रारधनिरीक्षक उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ के निर्देशानुसार उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संचालित मुंशीध्मौलवी (सेकेण्ड्री) एवं आलिम (सीनियर सेकेण्डरी) परीक्षा वर्ष–2025 की परीक्षा 17 फरवरी,2025 से 22 फरवरी,2025 के मध्य सम्पन्न की जायेगी। जिसके लिए जनपद सोनभद्र में 04 परीक्षा केन्द्र– प्रकाश जीनियस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, रावर्ट्सगंज, आदित्य बिड़ला इण्टर कालेज डाला ओबरा, ज्ञानदीप उ0मा0वि0 बीड़र, दुद्धी, एवं कादरिया गर्ल्स कालेज, (निस्वा) मल्देवा, दुद्धी (स्वकेन्द्र) केन्द्र बनाया गया है। जिसमें मुंशीध्मौलवी (सेकेण्डरी) के 135 छात्र–छात्राएं एवं आलिम (सीनियर सेकेण्डरी) के 34 छात्र–छात्राएं परीक्षा में सम्मलित होगें। जिसके नकलविहीन, सुचितापूर्ण संचालन, परीक्षा केन्द्रों के सघन निरीक्षण एवं प्रभावी पर्यवेक्षण किये जाने हेतु जनपद स्तर पर सचल दल एव

पंचर टायर खोलते समय चालक को वाहन ने रौंदा, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के अल्लीपुर ओवर ब्रिज एनएच–2 में रविवार की भोर पंचर टायर खोलते समय विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे वाहन ने रौंद दिया जिससे 53 वर्षीय चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार झारखण्ड प्रांत के जिला कोडरमा थाना नवलसाही खनखरा गांव निवासी परनसाव का पुत्र अशोक साव ट्रक चालक था। बताते हैं कि रविवार की भोर चार बजे वह मलवां से वापस कैंची मोड़ आ रहा था। तभी अचानक ओवर ब्रिज में टायर पंचर हो जाने पर वह उतरकर टायर खोलने लगा। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने उसे कुचल दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

किशोरी ने फांसी लगा दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली के कस्बा खजुहा के मुहल्ला छोटी बाजार में शनिवार की देर शाम 17 वर्षीय किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार खजुहा कस्बा के छोटी बाजार मुहल्ला निवासी अतुल कुमार की पुत्री प्रियंका ने शनिवार की देर शाम उस समय घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के लोग किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटकर आए तो किशोरी का शव लटका देख कोहराम मच गया। तभी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

अलग-अलग हादसों में आधा दर्जन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम तेंदुआ निवासी .ष्ण कुमार का 29 वर्षीय पुत्र संजय दीक्षित ई–रिक्शा चालक है। बताते हैं कि रविवार की सुबह वह सवारी छोड़कर वापस खागा आ रहा था। जैसे ही वह कटोघन के समीप एनएच–2 पर पहुंचा तभी पीछे से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार बकेवर थाना क्षेत्र के बसगवां गांव निवासी स्व0 राम आसरे का 35 वर्षीय पुत्र मनोज गांव के ही राहुल सिंह के साथ बाइक से कानपुर नगर के कुढ़नी गांव जा रहे थे जैसे ही यह लोग बार्डर पर पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों घायल हो गए। इसी तरह सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के मंडवा गांव निवासी शिवलखन का 18 वर्षीय पुत्र संदीप पाल, अतुल का 26 वर्षीय पुत्र कौशलेन्द्र बाइक से शहर आ रहे थे। तभी महिचा मंदिर के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से दोनों घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

प्रयागराज महाकुंभ जा रही दो कारें टकराई, दो की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे–2 पर बहलपुर गांव की मोड़ के समीप प्रयागराज महाकुंभ जा रही दो कारें आपस में टकरा गई। दुर्घटना में दो की मौत हो गई वहीं नौ सवार घायल हो गए। जिसमें दो की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उनको रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे–2 पर बहलपुर गांव की मोड़ के समीप गाड़ी नं0 आरजे–14यूकेध्3787 में कुल छह लोग सवार थे। पीछे से आ रही तेज गति से फॉर्चूनर गाड़ी नं0 आरजे–42यूएध्7770 ने गाड़ी में टक्कर मार दिया। जिससे गाड़ी गड्ढे में जा गिरी और गाड़ी में सवार राजस्थान प्रान्त के करौली जनपद के थोड़ा भीम थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी 45 वर्षीय .ष्णकांत सोनी और उसकी 42 वर्षीय पत्नी सुमन देवी, उसका 12 वर्षीय पुत्र अन्ना सोनी, गिरिराज सोनी की 58 वर्षीय पत्नी राधा सोनी, फॉर्चूनर गाड़ी चालक गोपाल का पुत्र हरिसिंह मीना, भैरोलाल सोनी का पुत्र गिराम सोनी, राजस्थान प्रांत के अजमेर जनपद के किशनगढ़ निवासी फॉर्चूनर गाड़ी सवार खरताराम जांगड़ का 60 वर्षीय पुत्र बालचंद्र, उसकी 55 वर्षीय पत्नी गीता देवी और उसका 34 वर्षीय पुत्र नरेश जांगड़, मालाराम की 85 वर्षीय पत्नी गीता देवी, नरेश जागंड़ की 60 वर्षीय पत्नी ज्योति जांगड़, दिनेश जांगड़ की 27 वर्षीय पत्नी कमाता जांगड़ हादशे में सभी घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत राधा सोनी और .ष्ण कुमार सोनी को मृत घोषित करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए मार्च्युरी हाउस में रखवा दिया। वही फार्च्यूनर सवार घायलो को जिला अस्पताल से कानपुर इलाज के लिए चले गए हैं। थाना प्रभारी अरविंद राय ने बताया कि दो की मौत हुई है। अन्य घायलों की हालत ठीक है। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया है।

फर्जी दस्तावेजों से 16.93 लाख की ठगी, शातिर अभियुक्तगिरफ्तार

लखनऊ(एजेंसी)। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के गोमतीनगर थाना क्षेत्र में एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है, जहां जालसाजों ने बैंक खातों को चालू कराकर लाखों रुपये की ठगी को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस ने शातिर अभियुक्त आलोक पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त लंबे समय से फरार था और इस संगठित धोखाधड़ी में शामिल था। इससे पहले उसका एक साथी मोहम्मद इरफान गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।यह मामला 2021 में सामने आया था, जब इंडियन मर्केंटाइल बैंक में 15 निष्क्रिय खातों को कूटरचित दस्तावेजों की मदद से चालू कराकर ठगी की गई थी। अभियुक्तों ने बैंक में रखे चेकों को अनधिकृत रूप से एलॉट कर खाताध ारकों के फर्जी हस्ताक्षर किए और 16.93 लाख रुपये हरेश कुमार नामक व्यक्ति के दो बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। इतना ही नहीं, खाताधारकों के हस्ताक्षर मिलान न होने के बावजूद चेकों को पास कर दिया गया और इस प्रक्रिया में बैंक वाउचर पर भी नियमों को ताक पर रखकर हस्ताक्षर किए गए। पुलिस जांच में पता चला कि इस पूरे षड्यंत्र में मुख्य आरोपी आलोक पाण्डेय ने अपने सहयोगी मोहम्मद इरफान के साथ मिलकर ठगी को अंजाम दिया था।इस मामले की जांच में जुटी पुलिस को जैसे ही आलोक पाण्डेय के ठिकाने की जानकारी मिली, तत्काल दबिश दी गई। पुलिस ने वजीरगंज थाना क्षेत्र के रिवर बैंक कॉलोनी स्थित उसके घर पर छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी की उम्र 57 वर्ष है और वह लंबे समय से इस अपराध में संलिप्त रहा है।पुलिस टीम ने इस सफलता को अंजाम देने के लिए व्यापक प्रयास किए। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी, निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, उप निरीक्षक प्रवीण चौधरी और कांस्टेबल श्याम मोहन मिश्रा ने पूरी रणनीति बनाकर अभियुक्त को दबोच लिया। पुलिस अब इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि ठगी के इस नेटवर्क में और कौन–कौन लोग शामिल हैं। इस तरह की संगठित धोखाधड़ी में शामिल अन्य अपराधियों की पहचान कर उन पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।लखनऊ पुलिस ने इस गिरफ्तारी के बाद ठगी के शिकार हुए बैंक खाताधारकों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। इस मामले से यह स्पष्ट होता है कि साइबर और बैंकिंग अपराधों में शामिल लोग किस हद तक कूटरचित दस्तावेजों और फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं। पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है और इस पूरे नेटवर्क को बेनकाब करने के लिए विशेष टीम काम कर रही है।

महाकुंभ के दौरान कई ट्रेनों का रूट बदला, कुछ हुई निरस्त

लखनऊ, (एजेंसी) महाकुंभ मेले के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया है, कुछ ट्रेनों को निरस्त किया गया है और कुछ का संचालन सीमित स्टेशनों तक किया गया है। रेलवे ने यह कदम यात्रियों की सुविध ा और सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए उठाया है।लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 16 और 17 फरवरी को चलने वाली गोरखपुर एक्सप्रेस को अब मानिकपुर–प्रयागराज जं. –जंघई–वाराणसी मार्ग के बजाय इटारसी–बीना–वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी)–कानपुर सेंट्रल–लखनऊ–बाराबंकी–गोरखपुर मार्ग से चलाया जाएगा।

खरगापुर में सीवर समस्या को लेकर महापौर और नगर आयुक्तका निरीक्षण, जल्द मिलेगा समाधान

लखनऊ(एजेंसी)। खरगापुर क्षेत्र में बढ़ती सीवर समस्या से परेशान लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। रविवार को माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने इस क्षेत्र का दौरा किया और स्थानीय नागरिकों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि सीवर का पानी अक्सर सड़कों पर भर जाता है, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।महापौर ने इस गंभीर समस्या पर त्वरित सुषमा खर्कवाल ने जोन–4 के एक्सईएन को जल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए रिपोर्ट को प्रभावी रूप से लागू करने (डीपीआर) तैयार करने को कहा। इस भी निर्देश दिए गए, जिससे जल्द के लिए नगर निगम के अधिकारियों को अलावा, खरगापुर एसटीपी (सीवेज ही ठोस समाधान निकाला जा सके।इसके बनाने की योजना भी महापौर ने ट्रीटमेंट प्लांट) के पास एक नया नाला समस्या को स्थायी रूप से समाप्त प्रस्तावित की है, ताकि जलभराव की की डीपीआर एक महीने के भीतर किया जा सके। उन्होंने इस परियोजना आगे की प्रक्रिया को शीघ्रता से प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, ताकि लागू किया जा सके।महापौर ने स्पष्ट किया कि इस योजना के तहत न केवल जल निकासी की समुचित व्यवस्था होगी, बल्कि सीवर के पानी के उचित ट्रीटमेंट की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इससे सड़कों पर जलभराव की समस्या समाप्त होगी और नागरिकों को राहत मिलेगी।स्थानीय निवासियों ने महापौर और नगर आयुक्त के इस सक्रिय प्रयास की सराहना की और उम्मीद जताई कि जल्द ही उनके क्षेत्र में जल निकासी की स्थिति में सुधार होगा। अधिकारियों की तत्परता से यह पहल क्षेत्र के नागरिकों के लिए राहत लेकर आएगी और शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करेगी।महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की यह पहल न केवल खरगापुर बल्कि पूरे शहर के जल निकासी और स्वच्छता प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। शीघ्र कार्ययोजना तैयार होने के बाद, सीवर समस्या का स्थायी समाधान मिलने की उम्मीद की जा रही है, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर जीवन गुणवत्ता मिल सकेगी।

महाकुंभ मेला 2025 के मद्देनजर रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा जांच अभियान

लखनऊ(एजेंसी)। महाकुंभ मेला 2025 के दृष्टिगत रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी ने सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी, चौक, बाजारखाला एवं संबंधित थाना प्रभारियों के साथ रेलवे स्टेशनों का भ्रमण किया।रविवार को काकोरी रेलवे स्टेशन, ऐशबाग रेलवे स्टेशन, सिटी रेलवे स्टेशन वजीरगंज एवं आलमनगर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा जांच की गई। इस दौरान स्टेशन मास्टरों से वार्ता कर रेलवे स्टेशनों पर संभावित समस्याओं पर चर्चा की गई। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए।इस अभियान का उद्देश्य महाकुंभ मेले के दौरान रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाना तथा यात्रियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है।

अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला : महाकुंभ में अव्यवस्था और प्रशासनिक चूक को लेकर उठाए सवाल

लखनऊ(एजेंसी) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासनिक लापरवाही और कुप्रबंधन के कारण पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के चरम पर है और बजट बढ़ाने के बावजूद सरकारी विभागों द्वारा उसका सही उपयोग नहीं किया जा रहा है।रविवार को कानपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने महाकुंभ 2025 में हुई अव्यवस्थाओं को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने सौ करोड़ लोगों के स्नान की व्यवस्था करने का दावा किया था, लेकिन इसके बावजूद भारी अव्यवस्था देखने को मिली। भगदड़ जैसी घटनाएं क्यों हुईं? अगर सरकार ने बसों, ट्रेनों और अन्य सुविध ाओं की पर्याप्त व्यवस्था की थी, तो फिर इतनी बड़ी प्रशासनिक चूक क्यों हुई?उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में सरकार जनता की भलाई के बजाय अपने प्रचार–प्रसार में ज्यादा व्यस्त रहती है। ष्जब सरकार हर दिन यह दावा कर रही थी कि करोड़ों लोग स्नान कर चुके हैं, तो फिर भगदड़ में जान गंवाने वालों की सही संख्या क्यों नहीं बताई जा रही है? जो लोग लापता हुए, उनकी जानकारी सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही?ष्अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार की विकास योजनाओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था को तीसरे स्थान पर लाने और इंफ्रास्ट्रक्चर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने की बात कर रही है, लेकिन हकीकत यह है कि हर बड़े आयोजन में प्रशासनिक विफलताएं सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आयोजन की तैयारियों से ज्यादा अपने प्रचार पर खर्च कर रही है और अपने राजनीतिक लाभ के लिए आंकड़ों का हेरफेर कर रही है।पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार सुझावों और आलोचनाओं को सहन नहीं कर सकती। ष्यह सरकार राजनीतिक दलों, नेताओं और पत्रकारों की सलाह को अपना विरोध समझती है। उन्हें कोई सुझाव बर्दाश्त नहीं होता।ष उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में 100 करोड़ लोगों के लिए व्यवस्था करने का दावा किया था, लेकिन अगर यह सच होता तो भगदड़ जैसी घटनाएं न होतीं।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार वास्तविक आंकड़ों को छिपा रही है। ष्मेरी जानकारी के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक लोग स्नान कर चुके हैं, लेकिन सरकार आंकड़े कम बताकर अपनी प्रशासनिक नाकामी को छिपाने का प्रयास कर रही है। जब कभी महाकुंभ की व्यवस्थाओं पर अध्ययन होगा, तो भाजपा सरकार की असली सच्चाई सामने आ जाएगी।ष्अखिलेश यादव ने सुझाव दिया कि महाकुंभ का समय बढ़ाया जाना चाहिए ताकि वे बुजुर्ग और अन्य श्रद्धालु जो अब तक स्नान नहीं कर पाए हैं, उन्हें भी यह अवसर मिल सके। उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि यदि व्यवस्थाएं वास्तव में इतनी अच्छी हैं, तो स्नान का समय आगे क्यों नहीं बढ़ाया जा रहा?पूर्व मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद सियासी हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। महाकुंभ की अव्यवस्थाओं पर सरकार की सफाई का इंतजार है, लेकिन विपक्ष इसे एक बड़े प्रशासनिक फेलियर के रूप में देख रहा है।

बीबीएयू एमबीए छात्रों ने एचसीएल समुदाय केंद्र का किया शैक्षणिक दौरा

लखनऊ(एजेंसी)। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन विभाग के एमबीए छात्रों ने हरदोई जिले के संडीला में स्थित एचसीएल समुदाय केंद्र का शैक्षणिक दौरा किया। इस अध्ययन भ्रमण का नेतृत्व विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। उनके साथ डॉ. रमेश कुमार चतुर्वेदी और डॉ. अर्पित शैलेश भी उपस्थित रहे। एचसीएल समुदाय की ओर से सौरभ तिवारी एवं उनकी टीम ने छात्रों को विभिन्न परियोजनाओं और उनकी कार्यप्रणाली की गहन जानकारी दी।शैक्षणिक दौरे के दौरान छात्रों ने एचसीएल कॉरपोरेशन की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ब्ब्) पहल के तहत संचालित विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कृषि तकनीकी प्रशिक्षण (ब्।ज्ज्) केंद्र का दौरा कर यह समझा कि एचसीएल किसानों को आधुनिक तकनीकों से सशक्त बनाने में कैसे योगदान दे रहा है। इसके अलावा, छात्रों ने बनास डेयरी का भी भ्रमण किया, जहां उन्होंने सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली और ग्रामीण समुदायों को दूध संग्रहण एवं विपणन में मिलने वाली सहायता के बारे में जाना।इसके अलावा, छात्रों ने मॉडल पंचायत केंद्र, सौर ऊर्जा संयंत्र और आदर्श स्वास्थ्य सुविधा केंद्र का अवलोकन किया। इन सभी परियोजनाओं में स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की गई है, जिससे आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की दिशा में ग्रामीणों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।यह शैक्षणिक दौरा छात्रों के लिए ग्रामीण विकास, सतत विकास लक्ष्यों (क्ळ), और कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की व्यवहारिक समझ विकसित करने का एक उपयोगी अनुभव साबित हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन एवं छात्रों ने एचसीएल समुदाय पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे उद्योग–शैक्षणिक सहयोग को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

ग्रामीण महिलाओं को सशक्तबना रही 'लखपति महिला योजना'

लखनऊ(एजेंसी) उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में 'लखपति महिला योजना' के तहत ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के प्रयास तेजी से जारी हैं। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को विभिन्न आजीविका संवर्धन गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उप मुख्यमंत्री नव्व केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मा0 प्रध ानमंत्री के विजन के अनुरूप इस योजना को सफल बनाने के लिए कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के मार्गदर्शन में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का लक्ष्य 30 लाख स्वयं सहायता समूह की सदस्यों की वार्षिक पारिवारिक आय को एक लाख रुपये से अधिक करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महिलाओं को प्राकृतिक खेती, जैविक खेती और कृषि पारिस्थितिक खेती जैसी गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।प्रदेश में कृषि को अधिक स्वावलंबी और टिकाऊ बनाने के लिए 'कृषि सखियों' को प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब तक 10,000 कृषि सखियों को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य के सापेक्ष 8,157 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। ये प्रशिक्षित महिलाएँ अपने समुदाय में कृषि जागरूकता, उत्पादकता बढ़ाने और जैविक खेती के प्रचार–प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना के अंतर्गत चयनित 21 से 45 वर्ष की आयु की महिलाओं को 'कृषि आजीविका सखी' के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन महिलाओं को कृषि उद्यान, सूक्ष्म सिंचाई, रेशम विभाग और निदेशालय के कार्यक्रमों में पैरा–प्रोफेशनल के रूप में समाहित कर प्राथमिकता दी जा रही है।कृषि सखियों को प्रोड्यूसर ग्रुप, प्रोड्यूसर एंटरप्राइज और कृषि आधारित आजीविका के कार्यों में प्रशिक्षित कर उन्हें स्थायी आय का साधन दिया जा रहा है। सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से महिलाओं को कृषि विस्तार कार्यों और सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर लाभार्थी बनाया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना है, जिससे वे अपने परिवारों और समुदाय के आर्थिक विकास में योगदान कर सकें। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ ही स्वयं सहायता समूहों से जुड़े परिवारों की आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार हर स्तर पर प्रतिबद्ध है।

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट द्वारा 34 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ,(एजेंसी)। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानों द्वारा अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर कुल 34 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

इस अभियान के तहत अलीगंज थाना क्षेत्र से 2, बंथरा से 3, मलिहाबाद से 11, काकोरी से 2, माल से 4, मोहनलालगंज से 3, नगराम से 6, वजीरगंज से 2 और निगोहां से 1 वारंटी अभियुक्त को पकड़ा गया।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित थे।

महापौर और नगर आयुक्त ने वृद्धाश्रम का दौरा कर सुविधाओं में सुधार के दिए निर्देश

लखनऊ(एजेंसी)। नगर निगम की महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने रविवार को जोन–7, आदिल नगर स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां रहने वाले बुजुर्गों से मुलाकात कर उनकी वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। वृद्धाश्रम में वर्तमान में 45 बुजुर्ग आवासीय रूप से रहते हैं।दौरे के दौरान महापौर ने वृद्धाश्रम प्रशासन को कई आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने वृद्धों के स्वास्थ्य और जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए वहां एक ओपन जिम, सिंथेटिक पाथ और नियमित योग कक्षाएं संचालित करने की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही, वृद्धाश्रम के कमरों की मरम्मत और अन्य बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए ताकि वहां रहने वाले बुजुर्गों को अधिक सुरक्षित और आरामदायक माहौल मिल सके।महापौर नव्व सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त ने वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के साथ भोजन भी किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि उनकी जरूरतों और समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि वृद्धजन समाज की धरोहर हैं और उनके सम्मान और देखभाल में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में आगामी होली उत्सव को धूमधाम से मनाने की घोषणा की। महापौर ने कहा कि वे स्वयं होली के अवसर पर वृद्धाश्रम आएंगी और बुजुर्गों के साथ यह पर्व मनाएंगी, जिससे उन्हें अपनापन और खुशी का अनुभव हो।

नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ(एजेंसी)। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के पश्चिमी जोन के थाना माल क्षेत्र में एक नाबालिग को बहला–फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।घटना 28 दिसंबर 2024 की है, जब पीड़िता की मां ने थाना माल में शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम देवरीभारत निवासी शंकर पुत्र बलराम उर्फ बुटऊ ने उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बहला–फुसलाकर भगा लिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा अपराध संख्या 386ध्24, धारा 137(2)ध्87 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया और अभियुक्त एवं पीड़िता की तलाश शुरू कर दी।पुलिस ने लगातार प्रयास जारी रखते हुए 15 फरवरी 2025 को माल–इंटौजा मार्ग के बाजारगांव मोड़ के पास पीड़िता को बरामद कर लिया। जब लड़की से पूछताछ की गई, तो उसके बयान के आधार पर मुकदमे में धारा 64(2)(ड) बीएनएस और 5एलध्6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। इसके बाद पुलिस ने अभियुक्त की तलाश तेज कर दी।अगले ही दिन 16 फरवरी 2025 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अभियुक्त शंकर देवरीभारत मोड़ पर मौजूद है। इस पर उपनिरीक्षक प्रिन्स कुमार और उपनिरीक्षक अमरपाल साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है ।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर)